अनमोल विचार

अहसास के साथ आप जो कुछ भी यकीन करते हैं वही आपकी हकीक़त बन जाती है।
» ब्रायन ट्रेसी

विजय मत

अखबार नहीं आईना...

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | भोपाल, बुधवार, 10 अप्रैल 2024 | वर्ष- 09 अंक - 113 पेज-08 मूल्य- ₹ 1.00/-

मैहर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मां शारदा के दर्शन किए, चुनावी सभा में बोले-

भाजपा पार्टी को जिओ और जीने दो की संस्कृति पर भरोसा

विजय मत, सतना

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मंगलवार को मैहर पहुंचे। चैत्र नवरात्रि और नव संवत्सर के पहले दिन सीएम ने माता शारदा के दर्शन कर घण्टाघर में सतना संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गणेश सिंह के पक्ष में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। डॉ यादव ने कहा कि ये चुनाव गणेश सिंह का नहीं, नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बना कर देश को सक्षम नेतृत्व के हाथ मे सौंपने का है। क्योंकि देश को दुनिया में नंबर वन बना कर भारत की जय जयकार कराने के लिए सक्षम नेतृत्व की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की संस्कृति ऐसी है जहां भगवान को भी भोग लगा कर भोजन किया जाता है, हम जिओ और जीने दो की भावना पर भरोसा करने वाले देश के लोग हैं। भाजपा सबका साथ सबका विश्वास और सबका विकास के उद्देश्य से काम करती है।

जो काम कांग्रेस कभी नहीं कर सकी वह काम मोदी कर के दिखाया है

सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश की समृद्धि, जनता की खुशहाली और विकास के लिए समर्पण के साथ काम किया है। जो काम कांग्रेस कभी नहीं कर सकी वह काम कर के दिखाया है। मुस्लिम महिलाओं की सुरक्षा के लिए ट्रिपल तलाक खत्म किया, भारत के अभिन्न अंग कश्मीर से कलंकित धारा 370 हटाई और अयोध्या में हमारे आराध्य भगवान श्रीराम लला का भव्य मंदिर बनवा कर प्राण प्रतिष्ठा कराई। इस बार की रामनवमी भी अनुपम होगी। मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया ने भारत का लोहा माना है।

मां शारदा लोक का भव्य निर्माण भी होगा

सीएम यादव ने कहा कि आज देश में हर जगह एक ही नारा है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। इसलिए देश की समृद्धि-विकास और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए आप सभी का सहयोग वोट के रूप में भाजपा के लिए आवश्यक है। सीएम ने कहा कि मैहर के लिए जो भी घोषणाएं हुई हैं, वो सब पूरी की जाएंगी। नर्मदा का जल भी आएगा, माई की पैड़ी भी बनेगी और मां शारदा लोक का भव्य निर्माण भी होगा। आज सुखद संयोग है कि माता शारदा के चरणों मे मत्था टेक कर नवसंवत्सर के पहले दिन जनता से मिलने का अवसर मिला। शक्ति आराधना के पर्व पर विजय का आगाज माता रानी और आप सभी के आशीर्वाद के साथ हो रहा है।

न्यूज इन शॉर्ट

पहले पुलिस सपा नेता की भैंस खोजती थी, अब नल और कमल दोनों मिल गए हैं, फसल तो खिलखिलानी ही है: योगी

रामपुर/हापुड़, एजेंसी। लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए मंगलवार को सीएम योगी हापुड़ पहुंचे। उन्होंने गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के गांव सिखेड़ा में जनसभा को संबोधित किया। योगी ने कहा, पिछली बार

अमरोहा के लोगों से गलती हो गई थी, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा। अमरोहा के ढोलक की थाप कमजोर पड़ गई। जो सांसद बने, वो संसद में भारत माता की जयकार लगाने में संकोच कर रहे थे। क्या ऐसे लोग संसद में जाने चाहिए? जो भारत माता को मां कहने में संकोच करते हैं, क्या वह व्यक्ति संसद में जाने लायक है? कांग्रेस के लोगों को क्या हो गया है? इस वोट की कीमत का ऐसे लोगों को एहसास कराइए। कहिए जो भारत माता का नहीं, वह किसी काम का नहीं। सीएम ने कहा, कंवर सिंह तंवर सांसद थे या नहीं थे, लोगों के साथ खड़े रहते थे।

विक्रांत ने छोड़ा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष पद, मितेंद्र को नियुक्ति

विजय मत, भोपाल । लोकसभा चुनाव से पहले मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया ने पद छोड़ने की पेशकश की है।

मितेंद्र दर्शन सिंह | विक्रांत भूरिया

झाबुआ से कांग्रेस विधायक डॉ. विक्रांत ने यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी को पत्र लिखकर मप्र युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी किसी और को देने का अनुरोध किया है। भूरिया का पत्र जारी होने के कुछ देर बाद ग्वालियर के मितेन्द्र दर्शन सिंह को एमपी यूथ कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। विक्रांत भूरिया ने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी को पत्र में लिखा- देश इस वक्त लोकतंत्र को बचाने की मुहिम में लगा हुआ है।

भोपाल-विदिशा में गिरा पानी, 42 जिलों में बारिश

विजय मत, भोपाल । मध्यप्रदेश में 15 अप्रैल तक आंधी-बारिश का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, साइक्लोनिक

सर्कुलेशन, ट्रफ लाइन और वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से प्रदेश में मौसम बदला हुआ है। मंगलवार दोपहर को भोपाल में तेज बारिश हुई। विदिशा और शाजापुर में भी पानी गिरा। रायसेन और खंडवा के ओंकारेश्वर में आंधी चलने के बाद बादल बरसे। खरगोन के भगवानपुरा और कसरावद में आधा घंटे तक बारिश हुई। यहां अनकवाड़ी के मंडी परिसर में खुले में रखा मक्का भीग गया। 10-11 अप्रैल को एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव होगा। इससे मौजूदा सिस्टम और भी मजबूत हो जाएगा।

चुनाव लड़ने वाले को हर चल संपत्ति की घोषणा करना आवश्यक नहीं: सुको

नई दिल्ली, एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति को अपने या अपने परिवार के अधीन

वाली हर उस चल संपत्ति के विवरण का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं, जो मतदान के फैसले को प्रभाव नहीं करता हो। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति पी वी संजय कुमार ने अरुणाचल प्रदेश विधान सभा के 2019 में हुए चुनाव में तेजू क्षेत्र से बतौर निर्दलीय जीत दर्ज करने वाले कारिखो क्रि के चुनाव की वैधता की पुष्टि एक स्पष्टीकरण के साथ करते हुए यह टिप्पणी की।शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर आधारित होने की वजह से उसके इस आदेश को मिसाल नहीं माना जाएगा।

मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ, मेहनत करता है

जो काम अभी हुए हैं, वह सारे केवल ट्रेलर हैं: पीएम

विजय मत, भोपाल

पीएम मोदी ने कहा कि जो काम अभी हुए हैं, वह सारे केवल ट्रेलर हैं। अभी बहुत कुछ करना है। देश को बहुत आगे लेकर जाना है। आप यानी जनता मेरी जिंदगी को बहुत अच्छे से जानती है। मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है, मोदी मेहनत करता है, क्योंकि उसके लक्ष्य बहुत बड़े हैं। ये देश के लिए है, देश की जनता के उज्जवल भविष्य के लिए है। मोदी ने अभी तक जो काम किया है वो केवल फुलझड़ी है। बीजेपी सरकार वंचितों को वरीयता देते हुए काम कर रही है। एमपी में 5.50 करोड़ जरूरतमंदों को मुफ्त राशन दे रहे हैं। एमपी में 70 लाख घरों में नल से जल की व्यवस्था कर दी है। उनसे पहले बीजेपी के लोकसभा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते ने मंच से जनता को संबोधित किया।उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश में चार करोड़ पीएम आवास दिए हैं। दो करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने का फैसला पीएम मोदी ने लिया है। उन्होंने किसानों का सम्मान बढ़ाया।

बालाघाट की धरती भारत की नारी शक्ति की साक्षी है

उन्होंने मंच से कहा, जय श्री कोटेश्वर महादेव, जय मां काली, जय मां गढ़कालिका, आज देश के विभिन्न हिस्सों में नववर्ष मनाया जाता है। आज नवरात्रि का भी आरंभ हुआ है। मैं आप सभी को नववर्ष की और नवरात्रि की अनेक-अनेक शुभकामनाएं देता हूं। बालाघाट की धरती भारत की नारी शक्ति के पराक्रम की साक्षी है। मैं रानी दुर्गावती और रानी अवंतीबाई की इस धरती को प्रणाम करता हूं। आज जनता जनार्दन का जन सैलाब, ऐसा लग रहा है जैसे केसरिया सागर नजर आ रहा है। इतनी बड़ी माताओं और बहनों का आशीर्वाद साफ दिखा रहा है कि चार जून को मध्यप्रदेश में क्या परिणाम आने वाले हैं।

पीएम बोले- मोदी भक्त है महाकाल का

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- जो लोग अपनी तिजोरियां भरने राजनीति में आए हैं वे मोदी को धमकी न दें, मोदी तो अपनी कमाई भी देश सेवा में लगा देने की आदत रखता है। मोदी महाकाल का भक्त है, मोदी झुकता है तो या तो जनता जनार्दन के सामने या महाकाल के सामने।मोदी ने अब तक जो काम किए हैं, वो तो फूलझड़ी है।

विधानसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस को साफ कर दिया

पीएम मोदी ने कहा कि ये चुनाव नए भारत का मिशन है। विधानसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस को साफ कर दिया। कांग्रेस चुनाव नहीं आपस में लड़ रही है। कांग्रेस सरकार अपनी शिकायत लेकर दूसरों के पास जाती थी, अब जो देश आपस में लड़ रहे हैं, हल खोजने भारत आते हैं। कांग्रेस के मन में आजादी के आंदोलन का अहंकार भरा पड़ा था।

चीन पर अमित शाह ने कहा

चीन 'एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं कर सकता

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में चीन 'एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं कर सकता है। उन्होंने दावा किया कि जनता कभी नहीं भूल सकती कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1962 में चीन के हमले के दौरान असम और अरुणाचल प्रदेश को 'बाय-बाय कह दिया था। असम के लखीमपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार ने बांग्लादेश से लगती सीमा को सुरक्षित किया और घुसपैठ पर रोक लगाई। शाह ने कहा,'' चीन द्वारा 1962 में किए गए हमले के दौरान नेहरू ने कहा था 'बाय-बाय असम और अरुणाचल प्रदेश। इन राज्यों की जनता कभी इसे भूल नहीं सकती। लेकिन अब, चीन हमारी जमीन पर एक इंच भी कब्जा नहीं कर सकता। यहां तक डोकलाम में भी हमने उन्हें पीछे धकेल दिया। उन्होंने कहा कि असम की बांग्लादेश से लगती सीमा 'घुसपैठ के लिए खुली थी। गृहमंत्री ने कहा,''तब केंद्र में मोदी सरकार और यहां हिमंत विश्व शर्मा की सरकार आई। अब हम कह सकते हैं कि घुसपैठ रूक गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि असम की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने राज्य के साथ अन्याय किया और बड़ी संख्या में युवा अलग-अलग हिंसक आंदोलनों और उग्रवाद संबंधी घटनाओं में मारे गए।

दिग्विजय और कमलनाथ पर भड़की इमरती देवी, बोलीं-

उनकी भाषा अच्छी होती तो मैं कांग्रेस में रहती

विजय मत, ब्यूरो ग्वालियर

मुख्यमंत्री मोहन यादव के कमलनाथ और दिग्विजय सिंह को लेकर दिए बयान पर पूर्व मंत्री इमरती देवी की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा है कि सीएम मोहन यादव ने जो कहा है सही कहा। यदि कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के शब्द अच्छे होते, अगर उनकी भाषा अच्छी होती, अच्छे उनके काम होते तो हम क्यों कांग्रेस छोड़कर आते। वही मोहन कैबिनेट के मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने भी सीएम के बयान का समर्थन करते हुए कांग्रेस पर जुबानी हमला बोला है। दरअसल सीएम डॉ मोहन यादव ने ग्वालियर में आयोजित नारी शक्ति वंदन महिला सम्मेलन कार्यक्रम में कमलनाथ और दिग्विजय सिंह को लेकर कहा है कि उन्हें बहन बेटी सिर्फ भोग विलास की देवी दिखती है।

महुआ चखकर बोले राहुल गांधी- नॉट बैड

मध्य प्रदेश में आदिवासी महिलाओं से बात की, पूछा- यह फसल आप जमीन से उठाते हो

विजय मत, ब्यूरो उमरिया

कांग्रेस के स्टार प्रचारक और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को एमपी में महुआ बीने। वे शहडोल से उमरिया जा रहे थे। रास्ते में आदिवासी महिलाओं को महुआ बीनते देख काफिला रुकवाया और उनसे बातचीत की।

राहुल ने कुछ महुए बीने और चखकर भी देखा। राहुल सोमवार को चुनावी सभा करने शहडोल आए थे। उन्होंने इन सभाओं में आदिवासियों पर फोकस किया। लौटते वक्त फ्यूल की कमी के कारण उनका हेलिकॉप्टर उड़ नहीं सका। राहुल ने शहडोल के एक निजी होटल में रात गुजारी। बांधवगढ़ से लगे जंगल में एक ढाबे पर डिनर किया।

खास खबर | केजरीवाल की याचिका खारिज, अप्रूवर का कानून एक साल से पुराना नहीं

ईडी के पास सबूत मौजूद हैं: हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर हाईकोर्ट से बड़ा झटका मिला है। दरअसल, केजरीवाल द्वारा दायर की गई याचिका को खारिज कर दिया गया। केजरीवाल ने अपनी याचिका के जरिए गिरफ्तारी और ईडी रिमांड का विरोध किया था लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि ईडी द्वारा एकत्र की गई सामग्री से पता चलता है कि अरविंद केजरीवाल ने साजिश रची थी और अपराध की आय के उपयोग और छिपाने में सक्रिय रूप से शामिल थे। ईडी के मामले से यह भी पता चलता है कि वह निजी तौर पर आम आदमी पार्टी के संयोजक के तौर पर भी शामिल थे। साथ ही हाईकोर्ट ने कहा कि ये याचिका जमानत के लिए नहीं है।

केजरीवाल ने गिरफ्तारी की टाइमिंग पर उठाया सवाल

इससे पहले केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान दलील दी थी कि सीएम की तत्काल गिरफ्तारी की कोई जरूरत नहीं थी। केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी की टाइमिंग पर सवाल उठाया है और कहा है कि यह लोकतंत्र, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और लेवल प्लेइंग फील्ड समेत संविधान का उल्लंघन बताया है।

केजरीवाल के वकील ने ईडी पर लगाए आरोप

दिल्ली हाई कोर्ट में अरविंद केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने दलील दी थी कि अगस्त 2022 में ईडी द्वारा जांच शुरू करने के डेढ़ साल बाद धनशोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन में आप नेता को गिरफ्तार करने की कोई जरूरत ही नहीं थी। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस. वी. राजू ने याचिका पर कहा कि इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का अपराध बनता है।

नवरात्र के पहले दिन वैष्णो देवी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नई दिल्ली, एजेंसी

देश भर से हजारों श्रद्धालु मंगलवार को नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र शुरू होने के उपलक्ष्य में जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी के दर्शन करने के लिए पहुंचे। बॉर्ड के एक प्रवक्ता ने बताया, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बॉर्ड (एसएमवीडीएसबी) के द्वारा इस शुभ अवसर पर वैष्णो देवी की पवित्र गुफा में शांत वातावरण के बीच %शत चंडी महायज्ञ% का आयोजन किया गया। साथ ही अन्य अनुष्ठान भी किये गये। उन्होंने कहा कि त्रिकुटा पहाड़ी के ऊपर स्थित इस मंदिर में सभी के लिए सद्भाव और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करने के लिए पूरी नवरात्रि में पवित्र अनुष्ठान किये जायेंगे।

यूज इन शॉर्ट

एनएसयूआई ने मनाया 54 वां स्थापना दिवस

शहडोल। एनएसयूआई के 54 वें स्थापना दिवस के अवसर पर एनएसयूआई शहडोल ने श्रीमती इंदिरा गांधी जी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं एनएसयूआई का ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात् राष्ट्रीय गान गाया गया एवं कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद एनएसयूआई संगठन के इतिहास पर प्रकाश डाला। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा, पूर्व प्रधानमंत्री, स्व.श्रीमती इंदिरा गांधी ने 1971 में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) की स्थापना की थीं जो आज देश का सबसे बड़ा एवं पुराना छात्र संगठन है। इस अवसर पर एनएसयूआई शहडोल के जिला अध्यक्ष सौरभ तिवारी ने बताया कि एनएसयूआई छात्रों के हित में निष्पक्ष रूप से सदैव कार्य करती रहीं है और आगे भी छात्र हित में संघर्ष करते रहेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सौरभ तिवारी,जिला उपाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, शुभम सोंधिया,सिमरन कौर, अमन तिवारी, मृत्युंजय, महेन्द्र,राज, हिमांशु, साहिल, अरमान, प्रवीन पीयूष सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

ग्राम पंचायत सिन्दुरी व चुनिया में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

शहडोल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण

भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत सिन्दुरी, चुनिया में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन के नेतृत्व में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली एवं चुनावी पाठशाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो,अपना फर्ज निभाना है वोट डालने जाना है जैसे अन्य नारे के साथ मतदाताओं से 19 अप्रैल को मतदान करने हेतु अपील की गई तथा मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। इसी प्रकार मतदाताओं को जागरूक करने हेतु कैंडल मार्च भी निकल गई। मतदाता जागरूकता रैली एवं चुनावी पाठशाला के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोहागपुर श्रीमती ममता मिश्रा, नोडल अधिकारी कैलाश सिंह, राजेन्द्र तर्किहार, जनपद पंचायत सोहागपुर, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

दीवार लेखन कर किया गया मतदान के प्रति जागरूक

शहडोल। जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में शहडोल जिले के ग्राम सिंहपुर में दीवार लेखन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। दीवारों में वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के स्लोगन भी लिखे गए। साथ ही 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील भी की गई।

लाखों खर्च के बाद भी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण, सहायक यंत्री व्ही.के केसरवानी को ग्रामीणों की प्यास से कोई लेना-देना नहीं

शो-पीस बनकर रह गई नलजल योजना

विजय मत, शहडोल।

जिले में गर्मी आते ही दूर दराज के ग्रामीण इलाकों में पेयजल की समस्या बढ़ जाती है जिससे ग्रामीण झिरिया और गड्ढों में भरे पानी से अपनी प्यास बुझाते हैं। लेकिन दो-दो सब डिविजनों के प्रभार लेने के बाद भी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के सहायक यंत्री व्ही.के केसरवानी को ग्रामीणों की प्यास से कोई लेना-देना नहीं है।क्योंकि उन्हें तो सिर्फ अपनी प्यास बुझानी है।कुछ दिनों पहले शासन के आदेश पर जब शहडोल सोहागपुर सब डिवीजन का प्रभार लेने सहायक यांत्रिक विवेक तिवारी पहुंचे तो,केसरवानी ने उन्हें घुमा दिया। उन्हें डर था कि अगर विवेक तिवारी ने पदभार ग्रहण कर कर लिया तो उनकी जेब पर असर पड़ जाएगा।सहायक यांत्रि केसरवानी कार्यों पर ध्यान न देने की वजह? से ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं। गोहपारू विकासखंड कनवाही, रसमोहनी, चुहिरी सहित अन्य ग्राम जहां नल-जल योजना के तहत जगह-जगह पर पाइप लाइन बिछा दी गई है।

पानी की टंकी का निर्माण भी लाखों की लागत से हो गया है।लेकिन वह शो पीस बनती हुई नजर आ रही है। क्योंकि जिस वजह से पानी की टंकी का निर्माण कार्य हुआ था,वह तो अभी तक हुआ ही नहीं। यानी कुल मिलाकर पानी की टंकी तो बनाई गई,लेकिन सप्लाई नहीं हो पा रही है।लोगों के घरों तक साफ पानी तो क्या पानी की एक बूंद नहीं आ रही है।

पाइप लाइन को सुधारने नही होता कार्य

आपको बता दें कि जगह-जगह बिछी पाइप लाइन बिल्कुल पूरी तरह से टूट चुकी है। जहां ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पाइप लाइन को सुधारने का कार्य नहीं किया जा रहा है, जिसकी वजह से उनके घरों तक पानी नहीं आ पाता है। वहीं, पानी की टंकी सिर्फ बनाई गई है,न तो उसको शुरू किया जाता है और न ही लोगों को समस्या सुनी जाती है।

मेंटेनेंस न होने की वजह से ऐसा कार्य

यह केवल एक गांव की हालत नहीं है। क्योंकि यह पूरे जिले के हालात बयां करते हैं। जहां इसी प्रकार पाइप लाइन का कार्य तो हो चुका है, लेकिन अधिकतर जगह सही अवस्था में नहीं चल रही है।अगर किसी गांव में पानी की टंकी बनाकर नाल चालू हो गया है तो वह कुछ दिन बाद ऑटोमेटिक बंद हो जाता है।क्योंकि लीकेज की समस्या सबसे बड़ी है, जहां मेंटेनेंस न होने की वजह से ऐसा कार्य हो रहा है।

शो-पीस बनी नल-जल योजना

सोहागपुर,गोहपारु,बुढार में नल-जल योजना के तहत बनाई गई पानी टकिंयां भी शो-पीस साबित हो रही हैं।अधिकांश क्षेत्रों में प्रोजेक्ट तैयार होने के बाद भी पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। पीएचई विभाग की कमजोर मॉनीटरिंग के कारण अभी कई प्रोजेक्ट अधर पर लटके हुए हैं।ठेका कंपनी पूरे गांव में पाइपलाइन बिछाकर घर-घर नल तो लगा दिए हैं, लेकिन नलों से एक बूंद पानी नहीं मिल रहा है। 9 महीनें में तैयार होने वाले नल जल योजना के प्रोजेक्ट दो-दो सालों से अधर पर लटके हुए हैं। कहीं पानी टंकी का अधूरा निर्माण तो कहीं प्रोजेक्टर पूर्ण होने के बाद भी पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है।

इन जनपदो में पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं

जानकारी के अनुसार गोहपारु,बुढार एवं सोहागपुर के ग्रामीण इलाकों में गर्मी के दिनों में सबसे अधिक पानी की समस्या होती है। विभाग ने सर्वे में भी सबसे ज्यादा इन्हीं विकासखंडों में आने वाले गांव को चिन्हित किया था।परंतु यहां पेयजल की समुचित सुविधा उपलब्ध नहीं करने के कारण इन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या से ग्रामीणों को परेशान होना पड़ेगा।

इनका कहना है

जहां नल-जल योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा मैं सहायक यंत्री से बात करके दिखाता हूं।

अफजल अमानुल्लाह, प्रभारी कार्यपालन यंत्री लोक स्वस्थ यांत्रिकी विभाग शहडोल

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत

संवेदनशील क्षेत्र थाना जैतपुर में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

विजय मत, शहडोल।

लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु शहडोल पुलिस एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की कम्पनियों के द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में एरिया डोमीनेशन की कार्यवाही की जा रही है। बीते दिवस थाना देवलोंद के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालते हुए एरिया डोमीनेशन किया गया। उक्त फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी थाना पुलिस बल के साथ सी.आर.पी.एफ. के जवान शामिल रहे।

पुलिस बल द्वारा स्थानीय कस्बा भ्रमण, चंदौली, रमपुरवा, समान, वुडवा, गोपालपुर, झिरिया, जनकपुर बैरिहाई, धरी नंबर 1/2 होते हुए स्थानीय बाजार एवं अन्य स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। इसी प्रकार थाना गोहपारू के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालते हुए एरिया डोमीनेशन किया गया। उक्त फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी गोहपारू थाना पुलिस बल के साथ सी.आर.पी.एफ. के जवान शामिल रहे। पुलिस बल द्वारा स्थानीय कस्बा भ्रमण, महरोही, बेला, भदवाही, चुहिरी, लेदरा, दियापीपर होते हुए स्थानीय बाजार एवं अन्य स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। इसी प्रकार थाना जैतपुर के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालते हुए एरिया डोमीनेशन किया गया। उक्त फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी जैतपुर थाना पुलिस बल के साथ सी.आर.पी.एफ. के जवान शामिल रहे।

पुलिस बल द्वारा स्थानीय कस्बा भ्रमण, रसमोहनी, घोघरी रमाकन्हेर, तेन्दूटोल, भुमकार, झींक बिजुरी, खम्हरिया, टेंघा, खांडा, रूपौला, खाम्हीडोल होते हुए स्थानीय बाजार एवं अन्य स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। शहडोल पुलिस एवं सी.आर.पी.एफ के द्वारा फ्लैग मार्च निकालकर शांतिपूर्ण मतदान का संदेश दिया जा रहा है। शहडोल पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि निर्भय होकर लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का अधिक से अधिक प्रयोग करेंगें।

दिल्ली रवाना होने से पहले राहुल ने खाया ग्रामीण महिलाओं के साथ खाना

महिलाओं से कांग्रेस को वोट देने की अपील भी की

विजय मत, शहडोल।

हेलीकॉप्टर में फ्यूल खत्म होने की वजह से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को शहडोल में रात गुजारनी पड़ी। रात को उन्होंने जंगल में ढाबे में जाकर रात्रिभोज किया। फिर सुबह पांच बजे उमरिया की हवाई पट्टी से दिल्ली के लिए उड़ान भरी। शहडोल से उमरिया तक वे सड़क मार्ग से गए। रास्ते में महुआ बीन रही महिलाओं के साथ उन्होंने बातचीत की। इस दौरान महुआ भी बीना। महिलाओं से कांग्रेस को वोट देने की अपील भी की।

राहुल गांधी सोमवार को मध्य प्रदेश के सिवनी और शहडोल लोकसभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने मध्य प्रदेश आए थे। उन्होंने सिवनी में सभा को संबोधित किया और फिर शहडोल के बाणगंगा मेला मैदान में भी सभा ली। इसके बाद जब उन्हें लौटना था तब हेलीकॉप्टर का फ्यूल खत्म हो गया। मौसम भी खराब हो चुका था। इस वजह से राहुल को रात शहडोल में गुजारनी पड़ी।

हेलीकॉप्टर के बजाय सड़क मार्ग से गए उमरिया

शहडोल से राहुल को हेलीकॉप्टर से जाना था। इसके बजाय उन्होंने सड़क मार्ग को चुना। सुबह पांच बजे शहडोल से रवाना होने के बाद उमरिया कलेक्टर कार्यालय के पास रास्ते में गाड़ी रुकवाई और महुआ बीन रही महिलाओं के बीच पहुंच गए। वहां उन्होंने उनसे चर्चा की। उन्होंने महुआ अपने हाथ से बीना और टोकरी में रखा। साथ ही साथ उनसे उनकी समस्या भी जानी। उन्होंने कांग्रेस को वोट डालने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस की सरकार बनती है तो हम आपके हितों की रक्षा के लिए जरूर ठोस कदम उठाएंगे। आदिवासी महिला एवं पुरुषों के लिए हम हरसंभव प्रयास करेंगे।

बांधवगढ़ के ढाबे में नाइट आउट

राहुल शहडोल के सूर्या इंटरनेशनल होटल में ठहरे थे। रात को उन्होंने होटल से निकलकर उमरिया जिले के पाली थाना क्षेत्र में मदारी ढाबा पर भोजन किया। यह इलाका बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लगा हुआ है। यहां अक्सर बाघों की साइटिंग भी होती है। इस दौरान उनके साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी मौजूद थे।

उमरिया में भी एक घंटा लेट हुए राहुल

राहुल गांधी ने उमरिया जिले में न केवल महुआ बीना, बल्कि उसे चखा भी। उमरिया हवाई पट्टी पहुंचने से पहले राहुल गांधी ने जंगल में महिलाओं से बातचीत के बाद महुआ बीना। उन्होंने महुआ को चखा भी। उमरिया में राहुल गांधी मीडिया के सवालों से बचते नजर आए। भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र करार दिया है। इस पर भी चुप ही रहे। राहुल गांधी को सुबह छह बजे उमरिया से उड़ान भरनी थी। फ्यूल समय पर नहीं पहुंचने से उन्हें करीब एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा। ये तो अच्छा हुआ कि किसी प्रकार की कोई अनहोनी नहीं हुई।

शहर में बढ़ी चोरी की वारदातें, पुलिस नजर आ रही बेवश चोरों के हौसले बुलंद

विजय मत, शहडोल।

शहडोल जिले में पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरों के हौसले बुलंद है। जिसके चलते नगर से लेकर गांव तक चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। घटना को अंजाम देने के बाद चोर आसानी से निकल भागते है लेकिन पुलिस निष्क्रिय बनी हुई है। पिछले कई महीनों से चोरी की वारदातें बढ़ी हैं। नगर में अनेक स्थानों पर चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस किसी भी घटना से पर्दा उठाने में नाकाम ही रही है। पिछले एक माह में कई घरों, दुकानों व मंदिरों में चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता के चलते यहां वारदातें बढ़ रही हैं। साथ ही पुलिस रात को गश्त के नाम पर खानापूर्ति कर रही है।

बढ़ रही चोरी की वारदातें

जिले में आए दिन हो रही चोरियों से नागरिकों में दहशत व्याप्त है, चोरों के हौसले इतने बुलंद है की वे दिन में भी चोरी की घटना को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे हैं, लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों के बाद भी पुलिस के हाथ खाली ही दिखाई दे रहे हैं।

नहीं रुक रही वाहनों की चोरी

जिले में दो पहिया वाहनों की चोरियों का ग्राफ भी तेजी से बढ़ रहा है, चोरों के लिए दो पहिया वाहनों को पलक झपकते ही गायब कर देना बाएं हाथ का खेल बन चुका है, वाहन चोरी की दर्जनों शिकायतें होने के बाद भी स्थानीय पुलिस चोरियों का पता लगाने और चोरी की घटनाओं में लगाम लगाने में नाकाम ही रही है।

निर्माणाधीन घरों को चोर बना रहे हैं निशाना

जिले में मेहनत की कमाई से शहर में घर बनाने का सपना संजोए लोग चोरी की वारदातों से सहमे हुए हैं, आए दिन शहर के विभिन्न इलाकों से चोरी की घटनाओं की शिकायतें दर्ज कराई जा रहीं है, बुढार थाना क्षेत्रांतर्गत नगर के आदर्श कालोनी, कालेज कालोनी, टीटी नगर, रूंगटा रोड , विक्रमपुर रोड, हीरा कॉलोनी में निर्माणधीन मकानों पर चोरों की नजर रहती है जहां मकान बनाने हेतु सरिया, खिड़?की, दरवाजे, बिजली की मोटर बहुतायत मात्रा में चोरी हो रहीं है। इस तरह कुल मिलाकर पुलिस की कार्यवाही मात्र जुर्माने तक ही सिमट कर रह गई है।

अच्छे और सच्चे प्रतिनिधि का ही चयन करें

शहडोल। लोकतंत्र का पर्व हम सभी के लिए गर्व का विषय है, भारत अपनी विशेषताओं के लिए जाना जाता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, यही कारण है कि भारत को लोकतंत्र की जननी भी कहा जाता है।हमारे लिए महत्वपूर्ण यह है कि, लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सब बढ़-चढ़कर भागीदारी करें एवं योग व्यक्ति को चुने हम एक ऐसे जनप्रतिनिधि का चयन करें जो देश की नीति निर्धारण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके एवं अपने देश की संस्कृति को और बढ़ावा दे हमारे देश में युवा मतदाता की संख्या बहुत अधिक है। युवा मतदाता अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित एवं जागृत करने का कार्य करें जिससे हम एक अच्छे और सच्चे प्रतिनिधि का चयन करें जो हमारे देश को नित्य ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करें। जागरूक मतदाता ही जागरूक देश की पहचान है इस लोकतंत्र के महापर्व में एक जागरूक नागरिक बनकर अपने मत का उपयोग करें एवं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे।

मनमर्जी

स्वच्छता को लेकर तत्कालीन कलेक्टर करती रही ढोंग, स्थिति बद से बदतर

लाखों खर्च के बाद भी सफाई व्यवस्था पर लगा ग्रहण

विजय मत, शहडोल।

शहडोल नगर में प्रतिदिन नगर पालिका द्वारा स्वच्छता के लिए लाखों खर्च होते हैं, परंतु स्थिति ज्यो की त्यों दिखाई देती है। हालात यह हैं नगर में जगह-जगह आज भी उसी तरह गंदगी के ढेर लगे रहते हैं,जैसे पहले थे। तत्कालीन कलेक्टर द्वारा स्वच्छता को लेकर कई बैठ के एवं कई जागरूकता अभियान चलाए गए। पर तत्कालीन कलेक्टर का स्वच्छता का ढकोसला सफल नहीं हुआ। सफाई व्यवस्था आज भी बत से बत्तर है। तत्कालीन कलेक्टर ने बैठकों में कई बड़े-बड़े फरमान जारी किए कई निर्देश दिए, परंतु नगर पालिका के अधिकारियों द्वारा उन निर्देश एवं फरमान का कोई असर दिखाई नहीं दिया आज भी नगर का आलम यह है कि शहर का ऐसा कोई बात नहीं है जहां स्वच्छता बेहतर हो।

तत्कालीन कलेक्टर एवं नगर पालिका स्वच्छता में असफल

स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के दौरान तत्कालीन कलेक्टर एवं नगर पालिका द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वच्छता अभियान चलाए गए। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत रंग रोगन, दीवार लेखन, लकड़ी में चेहरे उकेरे गए परंतु वह लकडी आज नगर में नजर नहीं आ रहा है। बता दें कि तत्कालीन कलेक्टर नगर पालिका आमले का समय-समय पर बैठक लेती रही पर बैठक का असर आज भी नगर पालिका क्षेत्र के स्वच्छता पर नहीं पड़ा।

प्रतिदिन एवं समय पर नहीं आता कचरा गाड़ी

नगर वासियों का कहना है कि घरो से निकलने वाले कचरे और उसके निपटान के लिए नगर पालिका की तरफ से कचरा गाड़ी की व्यवस्था की गई है। इसके तहत गीला, सूखा सहित अन्य कचरा अलग किया जाता है। फिलहाल शहर में सफाई व्यवस्था तो ठीक है मगर कचरा गाड़ियां कुछ जगह नहीं पहुंचने के कारण लोग परेशान है। जिसके चलते कचरे के पाइंट बढ़ रहे हैं। साथ ही लोग नाले एवं सड़क में कचरा फेंक रहे हैं।

वार्डों में साफ सफाई का आलम बदतर

नगर पालिका के जिम्मेदार जिनको सफाई का जिम्मा मिला है वो पता नहीं कहां सफाई कराते घूमते हैं। शहर के अंदर वार्डों में साफ सफाई का आलम बदतर हो गया है। लोग बार बार कहकर थक चुके हैं पर नगर पालिका के अधिकारी इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहे हैं। शहर के कई वार्ड जहां पर भाजपा के ही पार्षद रहते हैं उनके वार्ड में ही गंदगी व कचरे का अंबार लगा हुआ है।

यहां सबसे ज्यादा स्थिति खराब

नगर के घरौला मोहल्ला, एकता बिल्डिंग के सामने गली में, पुरानी बस्ती, सोहागपुर, गायत्री मंदिर के पास डॉक्टर कॉलोनी, सब्जी मण्डी, गंज रोड, रेलवे कॉलोनी, इतवारी मोहल्ला, पटेल नगर सहित नगर के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में स्वच्छता की स्थिति बहुत ही खराब है। जिसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सफाई को लेकर पुरानी बस्ती में स्थानीय पार्षद ने कुछ साल पहले नाली के ऊपर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया था।

दूषित पानी का कुल्फी फैक्ट्री में हो रहा उपयोग

विजय मत, ब्यौहारी।

नगरीय क्षेत्र में आइसक्रीम फैक्ट्री का संचालन वार्ड क्र-2 में प्रभात पैलेश के पास हिमालियां आइसक्रीम फैक्ट्री और सीधी तिराहा मुंदरिया में विजय बर्फ फैक्ट्री के नाम हो रही है। जहां कुल्फी और बर्फ बनाई जाती है। जिसमें गंदे पानी का उपयोग किये जाने की बात कही जा रही है। कुल्फी में मिलाया जाने बाला रंग बहुत घटिया और कैमिकल युक्त होता है जो लोगों की सेहत के लिए बडा नुकसानदायक होता है। इसके निर्माण की प्रक्रिया भी निर्धारित मापदंड के उलट गंदगी से ओतप्रोत रहती है। इसके निर्माण में उपयोग होने बाला पानी गंदा और बदबूदार रहता है। गन्दे हाथों से बनाने और पैकिंग करने का काम होता है। पूरे शहर में दो दर्जन से अधिक कुल्फी के ठेले घूमते हैं। आसपास गांवों में भी लोग साइकिल व ठेला से कुल्फी आइसक्रीम बेंचते देखें जा सकते है। जिसे खाकर बूढ़े बच्चे और जवान अस्पताल पहुंच रहे हैं लेकिन यहां का खाद्य सुरक्षा विभाग उदासीन बना लोगों की सेहत से खिलवाड़ होते देख रहा है। न कभी इन कुल्फी फैक्ट्रियों की रोटीन चेकिंग होती और न सैम्पल भेजा जाता केवल मिलीभगत से यहां मिलावट खोरी का धंधा फलफूल रहा है। लगाम लगाने स्थानीय नागरिकों ने शासन प्रशासन से अपील की है।

इनका कहना है

मेरे द्वारा समय-समय पर खाद्य पदार्थों की जांच और सैम्पल कलेक्शन किया जाता है। अभी पिछले महीने में ही ब्यौहारी के प्रभात पैदल के पास संचालित हिमालिया कुल्फी फैक्ट्री में सैम्पल कलेक्शन किया व सम्बंधित को साफ-सफाई रखने की हिदायत दी गई है। फिर आकर जांच करता हूं।

एसके तिवारी, खाद्य इंस्पेक्टर खाद्य सुरक्षा विभाग शहडोल

न्यूज इन शॉर्ट

आसक्ति से कामनाओं की उत्पत्ति होती है: धामेश्वरी देवी

विजय मत, ब्यूरो, बीना। भक्तियोग रसावतार जगदगुरुत्तम स्वामी श्री कृपालु जी महाराज की प्रमुख प्रचारिका सुश्री धामेश्वरी देवीजी द्वारा दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के सातवें दिन बताया गया कि आसक्ति से कामनाओं की उत्पत्ति होती है। सांसारिक कामनाओं को छोड़कर भक्ति करनी होगी। जब तक हमारे हृदय में संसार की कामना रहेगी तब तक भगवान हमारे हृदय में नहीं आ सकते। ईश्वरीय जगत में कामना सबसे खतरनाक बीमारी है कामना ही काम, क्रोध, लोभ, मोह की जननी होती है। कामना पूरी हो जाए तो लोभ और न पूरी हो तो क्रोध आता है। कामना उत्पन्न होने का कारण बताया गया वह है आसक्ति। जहाँ हम सुख का अनुभव करेंगे वहां हमारी आसक्ति हो जाएगी और उसी आसक्ति से कामना पैदा होगी। इसलिए हमें भगवान में ही सुख है एवं वह ही हमारे हैं, इसका बार-बार अभ्यास करना होगा। तभी हमारा भगवान से प्रेम बड़ेगा। सांसारिक कामनाओं को भगवान के निमित्त करना होगा। तभी हम इस मानव देह का एकमात्र लक्ष्य भगवद्प्राप्ति की ओर आगे बड़ेंगे। प्रवचन के अंत में श्री युगल सरकार की आरती हुई, जिसमें समस्त भक्तगणों ने आध्यात्मिक लाभ लिया।

नव संवत्सर धर्म के साथ प्रकृति से जुड़ा पर्व, राम शर्मा

विजय मत, ब्यूरो, बीना। मंगलवार को मातृभूमि सेवा संस्था के तत्वाधान में अथक पथ संग्रहालय के राम शर्मा रितिका तिवारी रोहित तिवारी आदर्श तिवारी भूपेंद्र ने माता मंदिर के पास संदेश देती हुई रंगोली बनाई आने जाने वाले को तिलक लगाकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी राम शर्मा ने बताया यह पर्व केवल धर्म ही नहीं प्रकृति से भी जुड़ा होता है इस दिन ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी नवरात्रि का प्रथम दिवस भी इसी दिन माना जाता है आर्य समाज की स्थापना भगवान राम का राज्याभिषेक गुरु अंगद का जन्मदिन वरुण अवतार झूलेलाल का जन्म इस दिन माना जाता है इस दिन डॉक्टर हेडगेवार का भी जन्म दिवस है राम शर्मा ने बताया की विक्रम संवत युग संवत सहित अनेक संवत का शुभारंभ इसी दिन हुआ था हुआ केवल धर्म नहीं प्रकृति में भी जुड़ा पर्व इस समय वर्षों में नए पत्ते पृथ्वी हरी भरी दिखाई देने लगती है घरों में नया अनाज आ जाता है नवीनता का यह पर्व हम सबके लिए अच्छा माना जाता है इस अवसर पर जिला संघ चालक संजीव जैन मुकेश राय मनीष व्यास धर्मपुरिकर अतुल श्रीवास्तव छोटू राजपूत शिवकुमार चौबे हिम्मत लोधी भूपेन नामदेव दादा भाई डॉक्टर रामनाथ मनीष व्यास सहित सैकड़ो लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कृषि उपज मंडी-2 नई गल्ला मंडी में खुली शराब की दुकान का विरोध

विजय मत, ब्यूरो, सागर। सागर के तिली वार्ड में खुली शराब दुकान का वहां की जनता और विधायक शैलेंद्र जैन के नेतृत्व में विरोध चल ही रहा है कि अब कृषि उपज मंडी नंबर-2 नई गल्ला मंडी में इस वित्तीय वर्ष में खुली नई शराब दुकान का व्यापारी संघ ने पुरजोर विरोध किया है ! कलेक्टर और भारसाधक अधिकारी को दिए ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा है यहां डाक की नीलामी और अनाज की तौल होती है! नीलामी के बाद किसान भुगतान लेकर जाते हैं लेकिन अब सामाजिक तत्वों और शराबियों का जमावड़ा होने के कारण किसानों को जान-माल का नुकसान होने की आशंका है! व्यापारी संघ का कहना है यह इलाका शहर से दूर है ! यहां न पुलिस की व्यवस्था है ना अन्य साधन-संसाधन ! इस गल्ला मंडी में दूर-दूर से किसान अपनी डाक लेकर आते हैं लेकिन अब शराब दुकान के खुलने से उनमें डर व्याप्त हो गया है! कलेक्टर को दिए ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा है दुकान नंबर 23 में खुले शराब दुकान को और कहीं शिफ्ट किया जाए क्योंकि इससे अपराध में बढ़ोतरी होगी! व्यापारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है यदि शराब दुकान को और कहीं शिफ्ट नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

निगमायुक्त राजकुमार खत्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (NCAP) की बैठक

नेशनल क्लीन एअर प्रोग्राम (NCAP) अंतर्गत सयुक्त प्रयासों से बेहतर हो रहा सागर का पर्यावरण

विजय मत, ब्यूरो, सागर

सागर स्मार्ट सिटी कार्यालय में सोमवार को क्लाइमेट चेंज और पर्यावरण सुधार के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर चलाये गये नेशनल क्लीन एअर प्रोग्राम (NCAP) अभियान की बैठक सम्पन्न हुई। निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री की अध्यक्षता में सम्पन्न इस बैठक में पर्यावरण सुधार हेतु विस्तार से चर्चा की गई। सागर शहर के पर्यावरण को और बेहरत बनाने के लिए सिटी इंप्लीमेंटेशन कमेटी के स्टेक होल्डर्स जिला प्रशासन, नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी, पुलिस विभाग, आरटीओ, खाद्य आपूर्ति विभाग आदि के प्रतिनिधियों द्वारा केंद्रीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सयुक्त रूप से वार्षिक प्लान बनाकर क्रियान्वयन किया जा रहा है प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों ने बताया की पिछले कुछ वर्षों से लगातार वायुगुणवत्ता में सुधार हुआ है। और विभिन्न गणनाओं के आंकड़े संतुष्टि पूर्ण प्राप्त हो रहे हैं। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया की स्मार्ट सिटी द्वारा किये गये पार्क निर्माण कार्य, पेवर लगाने का कार्य

सहित प्लांटेशन आदि से शहर की रैकिंग में सुधार आया है।

निगमायुक्त खत्री ने कहा की भोपाल रोड और न्यू आरटीओ के पास नवनिर्मित दोनों बस स्टेण्डों का संचालन प्रारम्भ होते ही बसों का अधिकांश हेवी ट्रेफिक शहर से बाहर होगा जिससे यातायात जाम की स्थिति समाप्त होगी और इसके कारण होने वाले वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण आदि में बहुत हद तक कमी आयेगी। शहर के अधिकांश रोडों का डामरीकरण या सीसी निर्माण किया जा रहा है साथ ही इनके सोल्डर पर पेवर ब्लॉक लगाये जा रहे हैं इससे धूल की समस्या को कई हदतक कम किया जा सकेगा और स्विपिंग के माध्यम से साफ-स्वच्छ रखा जा सकेगा।उन्होंने कहा की रोडों के किनारे डस्ट क्लिनिंग और मलवा आदि हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। धूल और वाहनों का धुँआ वायु प्रदूषण के प्रमुख कारक हैं। हम नवाचार के रूप में एक पहल करेंगे जिसमें डस्ट क्लिनिंग आदि रात्रि में 10 बजे के बाद की जाये इस समय वाहनों की आवाजाही कम होने लगती है अधिकांश वाहन खड़े रहते हैं। इस पहल से धूल और धुएँ के वायुगुणवत्ता पर प्रभाव को अलग-अलग देखा जा सकेगा। भवन एवं अन्य निर्माणों और तोड़फोड़ के दौरान निकलने वाले मलवे (कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिश्ड वेस्ट) को तत्काल स्मार्ट सिटी द्वारा नवनिर्मित अत्याधुनिक सीएंडडी वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट भेजकर प्रोसेस कराने हेतु समुचित प्रयास किये जा रहे हैं। व्यवस्थित और सुगम यातायात सुविधाओं की शहर के विस्तार और पर्यावरण सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका है। सागर में इलेक्ट्रिक वाहनों का संचालन भी धीरे-धीरे बढ़ रहा है। जिससे धुएँ और ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सकेगा। शहर में उपलब्ध पर्याप्त क्षेत्रफल वाले स्थलों पर सघन वृक्षारोपण कर नगर वाटिका एवं नगर वन के रूप में विकसित किया जायेगा। इससे शहर में हरियाली बढ़ेगी साथ ही ऑक्सीजन स्तर और बेहतर होगा नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। तकनीकी संस्थान के रिसर्चस शहर के अलग-अलग स्थलों पर एनकेप हेतु आवश्यक मापदंडो पर सर्वे और स्टडी करेंगे। इसके आधार पर जहाँ सुधार की आवश्यकता है वहाँ सुधार कार्य करायेंगे। बैठक में केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड, पुलिस विभाग, पॉल्यूशन बोर्ड सागर, नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के अधिकारी/कर्मचारी सहित एनकेप कंसल्टेंट टीम के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

चैती चांद के उपलक्ष में सिंधी समाज की विशाल धर्मयात्रा आज

विजय मत, संत नगर

संत हिरदाराम नगर की वरिष्ठ सामाजिक शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्था सिंधू समाज द्वारा 'चेटी-चंड' के पावन पर्व पर पूज्य बहिराणा साहिब की स्थापना वरुणदेव की पूजा अर्चना तथा भव्य शोभायात्रा के पूर्ण होने का संदेश संत नगर के हर परिवार को पहुँच गया है एवं पूरे संत नगर में भगवान झूलेलाल के प्रति श्रद्धा जाग्रत हुई है। चेटीचंड के साथ 10 अप्रैल को सिंधी दिवस भी होने से, युवा वर्ग एवं माता बहनों में, इतना उत्साह एवं श्रद्धा बड़ी है कि वे मातृभाषा के उत्थान हेतु सामूहिक संकल्प भी लेंगे ताकि हमारी भाषा फले-फूले और समाज व राष्ट्र का नाम रोशन करें। इस भव्य आयोजन के संयोजक कन्हैयालाल ईसरानी (कन्नू भैया) ने गर्व से कहा कि शोभा यात्रा में 20 से 25 हजार श्रद्धालु भक्तगण एवं मातृशक्ति न केवल उपस्थित रहेगी बल्कि सनातन धर्म के प्रतीक न केवल सिंधियत से भरा उत्साह रंग लाएगा। बल्कि भगवान झूलेलाल के मधुर भजन, सिंधी लोक गीत-संगीत, नृत्य एवं समूह डांस से वरुण देव की जय जयकार से संतनगर गूंजेगा। विशाल जुलूस में संतों, महापुरुषों के आशीर्वाद के साथ संत नगर की समस्त सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक, व्यापारिक एवं राजनैतिक संस्थाओं का एक जुट होकर भरपूर सहयोग, निश्चित रुप से संत हिरदाराम नगर की शान बढ़ाएगा। सिंधू समाज के अध्यक्ष मोहनलाल चंदनानी, उपाध्यक्ष हरीश मेहरचंदानी, महासचिव भरत आसवानी ने भी बताया कि 10 अप्रैल को सिंधू समाज भवन के सभागृह में सायं 4 बजे पूजा अर्चना, आरती, भजनों के साथ राष्ट्र की सुख-शांति एवं प्रगति हेतु पलव (सामूहिक प्रार्थना) कर सायं 5 बजे सिंधू समाज भवन से विशाल शोभा यात्रा प्रारंभ होगा, जहां भगवान झूलेलाल की वेशभूषा में पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी होंगे। जो आकर्षण का केन्द्र रहेगा। सिंधू पति महाराजा डाहिरसेन की भूमिका समाजसेवी गुरदास रामचंदानी होंगे। सिंध के महान संत अमर शहीद भगत कंवर राम को बेहतरीन रोल कर्मठ कार्यकर्ता राजन धनवानी के अतिरिक्त भोले नाथ शंकर भगवान श्री चन्द्रजी अपनी प्रस्तुति भी देते चलेगे जिससे जनसमूह में आकर्षण एवं श्रद्धा जगाएगे।

विधायक शैलेंद्र जैन ने सभी को चैत्र नवरात्र और हिंदू नव वर्ष की दी शुभकामनाएं

माता की ध्वज पताका थामकर श्रद्धालुओं के साथ चले विधायक जैन, लिया आशीर्वाद

विजय मत, ब्यूरो, सागर

चैत्र नवरात्रि और हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में शहर भर में माता रानी की ध्वजा यात्रा धूमधाम से निकली गई। इसी क्रम में धर्मश्री स्थित शिव मंदिर से खैरा माता मंदिर तक विशाल ध्वज यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक शैलेंद्र जैन और जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया भी शामिल हुए। उन्होंने यात्रा का स्वागत किया और ध्वज पताका को प्रणाम करके शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के साथ यात्रा में भी चले।

मंगलवार को श्री वीर अर्जुन युवा संगठन द्वारा माता रानी की ध्वज यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जहां एक ओर युवा ध्वज पताका को लेकर आगे-आगे चल रहे थे। वहीं बड़ी संख्या में मातृ शक्ति भी देवी गीतों को गाते हुए माता का आराधना में लगीं थीं। माता के भजनों से

पूरा क्षेत्र गुजायमान हो गया। यात्रा के दौरान विधायक शैलेंद्र जैन ने सभी को चैत्र नवरात्र और हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महा माई की कृपा सभी पर बनी रहे और यह हिंदू नव वर्ष आप सभी के लिए मंगलमय हो। यह हिंदू नव वर्ष सागर समेत पूरे प्रदेश और देश भर में खुशहाली लेकर आए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी आलोक शर्मा पहुंचे टेंपल ऑफ संबोधि

आलोक शर्मा ने लिया लालसाईं से आशीर्वाद

विजय मत, ब्यूरो, संत नगर

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी आलोक शर्मा संत हिरदाराम नगर स्थित वेदांत संत लालसाई जी के दरबार टेंपल ऑफ संबोधि पहुंचे। यहां आलोक शर्मा ने लालसाईं जी से अनेक वरिष्ठ नेताओं के साथ मुलाकात की ओर आशीर्वाद मांगा। वेदांत संत ने उन्हें समाज की सेवा करने का आशीर्वाद प्रदान किया। साईं जी ने कहा कि मानवीय गुणों से ओतप्रोत व्यक्ति ही समाज सेवा कर सकता है आप मानवता की सेवा करें ईश्वर और मेरी दुआएं आपके साथ हैं।

हत्या के प्रयास मामले में फरार 1000 रुपए का इनामी आरोपी गिरफ्तार

विजय मत, ब्यूरो, सागर

मोतीनगर थाना मे दिनांक 10.9.2023 को फरियादी ने पुलिस थाना मोती नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने पापा के साथ बैंक पैसे निकालने के लिए जा रहा था वापस आते समय रास्ते में शरद जड़िया और गोलू जड़िया मिले दोनों ने मुझे और मेरे पापा के साथ मारपीट कर दारू की पार्टी करने के लिए पैसे मांगे, पैसे देने से मना किया तो लाठी- डंडों से मारपीट कर दी, जिसकी रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना मोतीनगर में अपराध क्रमांक 888/2023 धारा 327, 294, 323, 506,34 आईपीसी कायम किया जाकर मामले मे आरोपी गोलू जड़िया को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था, दूसरा आरोपी शरद जड़िया पिता राधेश्याम जड़िया उम्र 25 साल निवासी विवेकानंद वार्ड थाना मोतीनगर जिला सागर घटना के बाद फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी पर ?1000 का इनाम पुलिस अधीक्षक सागर के द्वारा घोषित किया गया था जिसे दिनांक 8 अप्रैल 2024 की

दरमियानी रात सूचना के आधार पर मोतीनगर पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया है जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया, इसके अलावा उक्त आरोपी 11 वर्ष से अधिक हत्या के प्रयास के पुराने मामले में फरार चल रहा था, जिसके विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था. कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी महोदय के कार्यालय में भी उक्त आरोपी का जिला बदर का प्रकरण चल रहा है।

गांधीनगर झूलेलाल मंदिर में भी मनाया जाएगा हर्षोल्लास के साथ चेतीचांद का पर्व

विजय मत, संत नगर

पूज्य सिन्धी पंचायत एवं झूलेलाल युवा समिति द्वारा दिनांक 10 अप्रेल 2024 को चेतीचांद पर्व झूलेलाल मंदिर मेन मार्केट में बड़ी धूम-धाम से मनाया जावेगा। झूलेलाल मंदिर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। सुबह 11:00 बजे झूलेलाल भगवान की महाआरती एवं सुखो सेसा प्रसाद वितरण, दोपहर 12:00 बजे आम भंडारे का अयोजन किया गया है। शाम को 4:00 से 6:00 बजे तक बहिराणा साहब एवं सिन्धी भगत का आयोजन मंदिर परिसर में किया गया है। उसके बाद शाम 6:30 बजे भगवान झूलेलाल का विशाल जुलूस जिसमें बहिराणा साहिब के साथ झूलेलाल भगवान की झाँकी बैण्ड बाजों के साथ निकाली जाएगी जो गांधीनगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ मंदिर प्रांगण में रात 9 बजे पहुंचेगा।

सिंधी सेंट्रल पंचायत की भविष्यवाणी यात्रा भी आज निकलेगी

इस बार पंचायत शोभायात्रा का स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया जाना है

- रवीन्द्र भवन के आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मेहन यादव होंगे मुख्य अतिथि
- शोभायात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण

विजय मत, ब्यूरो, संत नगर

सिंधी सेन्ट्रल पंचायत की झांकी में एक भारत,खुशहाल भारत,समृद्ध भारत को बनानें में सिंधी समाज के योगदान को दिखाया जाएगा देश की एकता अखंडता के खातिर अपनी मात्रभूमि को छोड़कर देश की खुशहाली और समृद्धि के लिये समाज आज भी कृतसंकल्पित है। शोभायात्रा में ÷सिंधू एक्सप्रेस नाम की अटारी सेभोपाल ÷ट्रेन चलेगी जिसमें एक खास पोषाख में बहनें जुलूस में रहेंगी. वे बुजुर्ग जिन्होंनें 50 साल पहले शोभा यात्रा की शुरुआत ÷हाथ ठेले÷ पर भगवान झूलेलाल की प्रतिमा और बहराणा साहब रखकर की थी उन्हें पुरानी विंटेज कार में बिठाकर जुलूस की अगवानी कराई जाएगी और उनका सम्मान रवीन्द्र भवन मुक्ताकाश मंच पर होगा. शोभायात्रा का भव्य स्वागत बस स्टेन्ड चौराहे पर होगा वहां ड्रोन से पुष्प वर्षा के साथ ही एक बड़े मंच पर इन्दौर की छेज पार्टी परम्परागत छेज नृत्य प्रस्तुत करेगी. रवीन्द्र भवन में भी सिंधी भाषा दिवस के उपलक्ष में दो नृत्य नाटिकाएं,सांस्कृतिक कार्यक्रम,छेज़ और परम्परागत भगत की आकर्षक प्रस्तुती होगी

संस्था मातृभूमि द्वारा नूतन नव वर्ष का आत्मीय अभिनंदन

- भव्य आतिशबाज़ी उत्साह और उमंग के बीच नव वर्ष चैत्र नवरात्रों गुड़ी पड़वा चेटीचंड का सत्कार और स्वागत

विजय मत, ब्यूरो, संत नगर

संस्था मातृभूमि द्वारा प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी नूतन नव वर्ष ,चैत्र नवरात्रि,गुड़ी पड़वा एवं चैतीचांद की पूर्व संध्या पर संत हिरदाराम नगर भोपाल के स्थानीय चंचल चौराहे पर भव्य आतिशबाज़ी कर नव वर्ष का उत्साह और उमंग के साथ स्वागत किया। संस्था के अध्यक्ष राहुल राजपूत ने बताया कि आज हमारे सृष्टि के आरंभ का पर्व है और सनातन संस्कृति में आज से ही नव वर्ष प्रारम्भ होता है हमें अंग्रेज़ी नववर्ष नहीं बल्कि नव वर्ष व गुड़ी पड़वा को ही नववर्ष मान कर स्वागत करना चाहिए । मंगलवार से चैत्र नवरात्रि गुड़ी पड़वा एवं चैतीचांद (चेटीचंड) जैसे अन्य महान हिन्दू पर्वों का आगमन हो रहा है । आज हमने भव्य आतिशबाज़ी कर इन हिंदू पर्वों का हृदय की गहराईयों से आत्मीय अभिनंदन किया है। कार्यक्रम में मंडल भाजपा के अध्यक्ष कमल वीधानी, चंद्रप्रकाश ईसरानी ,वासुदेव वाधवानी हेमंत अग्रवाल राहुल अबोले, किशोर पहलाजानी ,गिरीश गुरनानी ,समाजसेवी सागर पेसवानी ,पीयूष गिरी , शंकर मेघानी, सचिन तिवारी कुनाल गौहर राज मीणा सहित अनेक युवा और समाजसेवी मौजूद थे।

खास-खबर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का परिवार मिलन समारोह आयोजित हुआ

कांग्रेस परिवार का कार्यकर्ता पार्टी की पूंजी है जिसकी ताकत से लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारी शिकस्त देने में सफल होंगे: गुड्डू राजा बुंदेला

विजय मत, ब्यूरो, सागर

लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी गुड्डू राजा बुंदेला ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का परिवार मिलन समारोह आयोजित किया। जिसमें पीसीसी के जिला प्रभारी अवनीश भार्गव व जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ आनंद अहिरवार समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं ने चुनाव में जीत हासिल करने को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी गुड्डू राजा बुंदेला द्वारा विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के साथ ही कार्यकर्ताओं से संवाद का दौर तेज कर दिया है। जिसे लेकर उन्होंने सागर विधानसभा के

कार्यकर्ताओं का परिवार मिलन समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता कैलाश सिंघई, गुरजीत सिंह अहलूवालिया, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक सुनील जैन, पूर्व उप महापौर संतोष पांडे, पूर्व निगम अध्यक्ष त्रिलोकीनाथ कटारे, पूर्व शहर जिला अध्यक्ष रेखा चौधरी, एआईसीसी सदस्य भूपेंद्र सिंह मोहसा, अमित रामजी दुबे, रामकुमार पचौरी रमाकांत यादव, प्रमिला राजपूत, माधवी चौधरी, बुंदेल सिंह बुंदेला, अंकलेश्वर दुबे, चक्रेश सिंघई पुरुषोत्तम मुन्ना चौबे, की प्रमुख रूप से उपस्थित रही कार्यक्रम का संचालन डॉ संदीप सबलोक ने किया।

परिवार मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी गुड्डू राजा बुंदेला ने कहा कि कांग्रेस परिवार का एक-एक कार्यकर्ता हमारी पार्टी की पूंजी है। इस पूंजी की ताकत से हम इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारी शिकस्त देने में सफल साबित होंगे। उन्होंने आगे कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव गुड्डू राजा बुंदेला नहीं बल्कि कांग्रेस परिवार का एक एक कार्यकर्ता लड़ रहा है। चुनाव में जीत हासिल करने के बाद यहां से गुड्डू राजा बुंदेला नहीं बल्कि कांग्रेस परिवार का एक-एक सदस्य सांसद होगा। उन्होंने भाजपा की भय और आतंक की राजनीति का डटकर मुकाबला करने का आवाहन कांग्रेसजनों से किया। पीसीसी से जिला प्रभारी अवनीश भार्गव ने कांग्रेस परिवार को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव सागर के पिछड़ेपन और उपेक्षा को समाप्त करने का चुनाव है।

भगवान श्री झूलेलाल जन्मोत्सव पर मासिक पत्रिका मून लाईट टाईम्स मैग्जिन का हुआ विमोचन

विजय मत, ब्यूरो, संत नगर

संत हिरदाराम नगर, भगवान श्री झूलेलाल जी के जन्मोत्सव पर पूज्य सिंधी पंचायत संत हिरदाराम नगर में आज पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी और वेदांत संत लाल साईं जी ने मासिक पत्रिका (मून लाईट टाईम्स) का विमोचन कर आम जनता एवं पाठक गणों को भगवान श्री झूलेलाल जी के जीवन पर आधारित मैग्जिन जिसमें जीवनी, पलव, अखो साहब, ज्योति जगने का मंत्र, मदाह, आरती आदि पर सभी का महत्व बताया गया है, उपस्थित महानभवो के बीच संत लाल साईं व पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी, माधू चांदवानी के बीच मासिक पत्रिका का उनके करकमलों से विमोचन संपन्न हुआ।

मून लाइट टाइम्स पत्रिका विमोचन अवसर पर उपस्थित महानभवो में चंदू भैया, कनहैयालाल इसरानी, हीरो हिंदू, गुलाब जेठानी, राज मनवानी, नंद ददलानी, माधव पारदासानी, राम पारदासानी, प्रभुदास मूलचंदानी, किशन अच्छानी, जगू भाई टहिलयानी, मोहनलाल, नरेश तोलानी एवं संतनगर के समाजसेवी व्यवसायी प्रमुख रूप से उपस्थित होकर विमोचन कार्यक्रम में संतनगर भगवान श्री झूलेलाल शोभा यात्रा पर भी विचार विमर्श किया गया।

संस्थापक
स्व. श्री रामसिपाही शुक्ल

आम चुनाव और इंडिया गठबंधन की कछुआ चाल

लोकसभा चुनाव 2024 वैसे तो कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लिए करो या मरो की स्थिति में लड़ा जा रहा है। कांग्रेस के लोग लगातार पार्टी छोड़ भाजपा व अन्य दलों में शामिल हो रहे हैं। इन्हें बांधकर रखने की बात तो दूर समझाने और साधने वाला भी दूर-दूर तक कोई नजर नहीं आ रहा है। हद यह है कि जो दम भरते थे कभी कि भले जेल हो जाए या जान चली जाए वो कांग्रेसी थे, हैं और आगे भी कांग्रेसी ही रहेंगे, अब अन्य दलों के परचम लहराते नजर आ रहे हैं। इसी बात को लेकर कांग्रेस नेतृत्व को लगातार कठघरे में खड़ा किया जाता रहा है, लेकिन क्या मजाल कि किसी ने चुनाव के बारे में सोचा हो और एक पुख्ता रणनीति के तहत चुनाव में उतरने और पार्टी व गठबंधन को मजबूत करने की बात भी की हो। जो जहां है, ठीक है और जहां होगा बेहतर होगा की तर्ज पर कारवां चलता रहा और हालात यहां तक पहुंच गए कि पार्टी टिकट पर चुनाव में उतरने से भी अनेक नेताओं ने मना कर दिया। ऐसे ही मौकों के लिए एक शेर बहुत मशहूर है, कि

बागबॉ ने आग दी जब आशियाने को मिरे,
जिन पे तकिया था वही पत्ते हवा देने लगे।

ऐसा नहीं है कि इससे कांग्रेस या इंडिया गठबंधन पूरी तरह से अनभिज्ञ है। मालूम सब है और बातें भी बहुत हो रही हैं, लेकिन परिणाम सिफर है। यही वजह है कि इस लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिल रहा है कि चुनावी रणनीति बनाने से लेकर चुनाव प्रचार में भी कांग्रेस और अब इंडिया गठबंधन भारतीय जनता पार्टी से खासा पिछड़ गया है। एक तरफ सत्ता में रहते हुए भी भाजपा अपने आप को चुनाव मोड से कभी अलग ही नहीं कर पाई है, वहीं दूसरी तरफ विपक्ष में रहते हुए भी कांग्रेस और उसके सहयोगी दल अपने आपको साबित करने की खातिर जमीनी कार्य करते भी नजर नहीं आए हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है। ऐसे में राजनीतिक दलों के लिए चुनाव प्रचार को महज एक हफ्ते का समय ही रह गया है। बावजूद इसके इंडिया गठबंधन की अब तक ऐसी कोई ऐतिहासिक रैली नहीं हुई, जिसे लेकर कहा जा सके कि इसके माध्यम से संपूर्ण देश को वह संदेश दिया गया, जो चुनाव को प्रभावित करता है। ना ही चुनाव को लेकर बूथ स्तर की ही कोई योजना ही अभी तक सामने आई है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि महागठबंधन की रैली की कौन बात करे इसमें शामिल दलों के प्रमुख नेता व स्टार प्रचारक भी अपने-अपने क्षेत्रों से ही नदारद हैं।

लोकतंत्र को कमजोर करती है अवसरवादी राजनीति

ललित गर्ग

> कांग्रेस में लगातार वफादार नेताओं का पलायन जारी है, नये नामों में कांग्रेस के प्रवक्ता गौरव वल्लभ, महाराष्ट्र के जिम्मेदार एवं पूर्व मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष संजय निरुपम, बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा, निशाना साधने वाले मुक्केबाज विजेंदर, आचार्य प्रमोद कृष्णम हैं, जिन्होंने कांग्रेस को बाय-बाय कर दी है। इन सभी ने कांग्रेस के मुद्दाविहीन होने, मोदी के विकसित भारत के एजेंडे, राहुल गांधी की अपरिपक्व राजनीति एवं कांग्रेस की सनातन-विरोधी होने को पार्टी से पलायन का कारण बताया है।

देश में लंबे समय से चुनाव सुधारों पर चर्चा चल रही है लेकिन चर्चा इस पर भी होनी चाहिए कि दलबदल का बढ़ता दौर कैसे रूके। राजनीति एवं राजनेताओं में नीति एवं सिद्धान्तों की बात प्रमुख होनी चाहिए लेकिन ऐसा न होना लोकतंत्र की बड़ी विसंगति है। कुछ भी कहे, यह राजनीति में अवसरवाद का उदाहरण है, इस तरह का बढ़ता दौर चिंताजनक है। भारत की राजनीति में दलबदल की विसंगति एवं विडम्बना आजादी के बाद से लगातार देखने को मिलती रही है। पिछले साढ़े सात दशक के भारतीय लोकतंत्र में राजनीतिक पराभव के अक्स गाहे-बगाहे उजागर होते रहे हैं। दलबदल के बढ़ते दौर ने अनेक सवाल खड़े किये हैं। कल तक विपक्ष में जो नेता दागी होते थे, सतारूढ़ दल में शामिल होने के बाद ऐसा क्या हो जाता है कि उनके दाग दाग नहीं रहते। राजनीति में निष्ठाएं बदलने की स्थितियां आम नागरिकों को उद्वेलित कर रही हैं कि आखिर ऐसा क्या हो जाता है कि दागी नेता सत्ता की धारा में डुबकी लगाकर दूध का धुला घोषित हो जाता है।

हर बार चुनावों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक दलों में 'आयाराम-गयाराम' का खेल शुरु हो जाता है। विभिन्न दलों के प्रभावी नेताओं को अपने दल में शामिल कराने की होड़ मची है, कभी कोई एक दल बाजी मारती हैं तो कभी कोई दूसरा दल। सभी सेलिब्रिटी आखिर सत्ता की तरफ ही क्यों भागते हैं? पूर्व न्यायाधीश हो, पूर्व अधिकारी हो, अभिनेता हो या खिलाड़ी राजनीति में अपना भविष्य आजमाते रहे हैं। अगर भाजपा की विचारधारा किसी विजेंदर, गौरव या अनिल शर्मा जैसे लोगों हो क्यों अच्छी लगती है तो सवाल यह भी है कि पिछले पांच साल तक वे कांग्रेस में क्यों रहे? ऐसे नेताओं की भी कमी नहीं है जो गत वर्ष के अंत में हुए विधानसभा चुनावों में एक पार्टी के चुनाव चिह्न पर उम्मीदवार थे तो अब दूसरी पार्टी का चुनाव चिह्न लेकर मैदान में उतरते दिख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इनदिनों भाजपा में जो विभिन्न दलों के तीस के लगभग राजनेता शामिल हुए हैं उनमें कांग्रेस, राकांपा, शिवसेना, टीएमसी, टीडीपी, एसपी और वाईएसआर कांग्रेस के नेता शामिल हैं। क्या यह भाजपा के निश्चित जीत की संभावनाओं का परिणाम है या केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के डर का परिणाम है। निश्चिय ही यह स्थिति किसी लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिये शुभ नहीं कही जा सकती।

देश में लंबे समय से चुनाव सुधारों पर चर्चा चल रही है लेकिन चर्चा इस पर भी होनी चाहिए कि दलबदल का बढ़ता दौर कैसे रूके। राजनीति एवं राजनेताओं में नीति एवं सिद्धान्तों की बात प्रमुख होनी चाहिए लेकिन ऐसा न होना लोकतंत्र की बड़ी विसंगति है। राजनीति में सबकुछ जायज है वाली सोच एवं स्वार्थ की नीति दुर्भाग्यपूर्ण है। चुनाव का समय हर राजनेता के लिये अपने हित एवं स्वार्थ को चुनने का समय होता है, लेकिन उनके सामने लोकतंत्र के हिताहित का प्रश्न बहुत गौण हो जाता है। चुनावों में आचार संहिता के चलते कई प्रतिबंध लागू हो जाते हैं, लेकिन राजनीति में में दल-बदल पर नियंत्रण का कहीं कोई प्रावधान ही नहीं है, जबकि यह लोकतंत्र की जीवंतता एवं पवित्रता के लिये प्राथमिकता होनी चाहिए। सत्ता का स्वाद ही ऐसा होता है कि कोई भी राजनेता इससे अछूता नहीं रहता। इसीलिए आजकल दल बदलने का दौर खूब हो रहा है। यह बात दूसरी है कि ज्यादातर नेताओं में भाजपा का दामन थामने की होड़ मची है। एक दिन पहले भाजपा पर निशाना साधने एवं जीभर कर कोसने वाले नेताओं को एकाएक भाजपा इतनी अच्छी क्यों लगने लगती है? भाजपा को भी सोचना चाहिए कि आखिर ये अवसरवादी नेता जबभी उनके अनुकूल नहीं हुआ तो उसे भी बाय-बाय कर देंगे? भाजपा को यह भी देखना चाहिए कि पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर चंद घंटों पहले पार्टी में शामिल होने वाले को टिकट देना कहां तक उचित है। दलों को विचार करना ही होगा कि राजनीति के मायने चुनाव जीतना भर ही है या फिर वे विचारधारा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को मौका देकर राजनीति को स्वस्थ रखना चाहते हैं। लोकतंत्र में जनता की आवाज की ठेकेदारी राजनैतिक दलों एवं नेताओं ने ले रखी है, पर ईमानदारी से यह दायित्व कोई भी दल एवं नेता सही रूप में नहीं निभा रहा है। ÷सारे ही दल एवं नेता एक जैसे हैं÷ यह सुगबुगाहट जनता के बीच बिना कान लगाए भी स्पष्ट सुनाई देती है। राजनीतिज्ञ पारे की तरह हैं, अगर हम उस पर अँगुली रखने की कोशिश करेंगे तो उसके नीचे कुछ नहीं मिलेगा। सभी दल राजनीति नहीं, स्वार्थ नीति चला रहे हैं।

भाजपा को अपने 400 पार के लक्ष्य को हासिल करना है, इसके लिये वह हर-तरह के समझौते कर रही है, दागी नेताओं को भी अपनी पार्टी में जगह दे रही है। ऐसे नेताओं के अपराधों पर भी परदा डाला जा रहा है। विडंबना है कि राजनीतिक निष्ठा बदलना इन नेताओं के लिये राहतकारी साबित हुआ है। वजह यह कि इन नेताओं से जुड़े अपराध के मामले ठंडे बस्ते में डाल दिये गए हैं। जबकि दलील यह दी जाती है कि मामले बंद नहीं हुए हैं, जरूरत पड़ी तो जांच और कार्रवाई भी होगी। जो विपक्ष के उन आरोपों की पुष्टि करते हैं कि यह कार्रवाई राजनीतिक दुराग्रह एवं आग्रह के रूप में की जाती रही है। यही वजह है कि दल बदलने का फैसला राहत का रास्ता मान लिया जाता है। ऐसे में आम आदमी के मन में सवाल उठना स्वाभाविक है कि अचानक जांच एजेंसियां निष्क्रिय क्यों हो जाती हैं? क्यों किसी एजेंसी को लेकर अदालत को कहना पड़ता है कि फलां एजेंसी पिंजरे में बंद तोता है और मालिक की बोली बोलता है। विपक्ष के ऐसे तमाम आरोपों की तार्किकता हाल में आई एक रिपोर्ट दर्शाती है। जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2014 के बाद भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच का सामना कर रहे 25 विपक्षी नेताओं के सत्तारूढ़ दल में शामिल होने के बाद उनमें से 23 को राहत मिल गई है। इनमें से तीन मामले बंद हो गए हैं और बीस की जांच रुकी हुई है। ऐसे अवसरवादी नेता फिर किसी नई पार्टी में नहीं जाएंगे इसको क्या गारंटी है? अच्छे लोग राजनीति में यदि सिर्फ पद पाने के लिए ही आए तो उसे क्या माना जाए? ऐसी जानी-मानी हस्तियां भी हैं जो आज यहां और कल वहां के उदाहरण पेश कर चुकी हैं। ऐसी सलेब्रिटी को पार्टी में शामिल होते ही टिकट से पुरस्कृत कर दिया जाता है। राजनीतिक दलों को इस बड़ी विसंगति एवं अवसरवादिता पर विचार तो करना ही चाहिए कि आखिर कौन, किस इरादे से पार्टी में आ रहा है। ऐसे ढेरों उदाहरण मौजूद हैं कि नामी-गिरामी लोगों ने राजनीति में प्रवेश किया, टिकट भी मिला और चुनाव जीते भी। उसके बाद जनता से जुड़ ही नहीं पाए और अगले चुनाव में इनका टिकट कट गया। स्वस्थ राजनीति में ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो निष्पक्ष हो, ईमानदार हो, सक्षम हो, सुदृढ़ हो, स्पष्ट एवं सर्वजनहिताय का लक्ष्य लेकर चलने वाला हो। लेकिन स्वार्थी, अक्षम, दागी नेताओं को किसी भी दल में जगह देना यह उस दल की मजबूती एवं स्वस्थ राजनीति पर एक बदनुमा दाग है। विडम्बना है कि लोकतंत्र में सिर गिने जाते हैं, मस्तिष्क नहीं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

पारदर्शिता चुनाव के लिए ईवीएम है सही

संजय गोस्वामी

ईवीएम से चुनाव होता है पारदर्शिता चुनाव लोकतंत्र का एक अहम हिस्सा है और इसके बिना तो लोकतंत्र की परिकल्पना करना भी मुश्किल है। चुनाव के द्वारा जनता (लोग) अपने प्रतिनिधियों को चुनती है। भारत में निर्वाचन आयोग लोक सभा, राज्य सभा, राज्य विधान सभाओं, देश के राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के पदों के लिए निर्वाचनों का संचालन करता है।

ऐसे संस्थान या परिषद जो रजिस्टर होता है को चलाने हेतु भी चुनाव का सहारा लेना पड़ता है जो सदस्यों द्वारा आम सभा बुलाकर किया जाता है चुनाव को लोग हमेशा जितने की दृश्टिकोण से ही देखते है जिससे ईमानदार व कभी सच्चे लोग नहीं मिलते हैं तब संस्था लूट का शिकार हो जाती है इसका मुख्य कारण है लोभ लोभ एक ऐसी मनोविकार है जो उसे गड्ढे में धकेल देता है एक साधारण से चुनाव का उदाहरण लेते है मान लें क़ोई चैर्टी कमीशनर से मान्य संस्था है जो किसी संस्था द्वारा फंड मिला है या जो सदस्य होते हैं वो एक अच्छी खासी रकम सदस्यों से मिलता है।

जब 400सौ होता है तो मनमानी ढंग से ए जी एम बुलाकर 1000रूपये कर देते हैं और जब चुनाव आता है तो सब कुछ नियम की धज्जिया उड़ाते हुए अपना साइड का इलेक्शन ऑफसर बनाते हैं और जब क़ोई उम्मीदवार अस्पताल में भर्ती भी हो जाए तो भी नियम का हवाला देकर बैलेट को बाहर लेकर खुद ही ट्रिक कर बहुत ही चालाकी से ऑनलाइन रिजल्ट शो कर जबरदस्ती जीत दर्ज करते हैं ऐसे में क़ोई विरोध करे तो उसपर मनगढंत आरोप लगाना चालू करते है ऐसे चुनाव अलोकतान्त्रिक और कानून की धज्जियाँ उड़ा देते है और कहते हैं हम तो आप ही के लिए खड़ा थे और फिर अगले चुनाव में भी नजर आते हैं और मनमानी करते हैं क़ोई कुछ बोलता नहीं और खूंटा गाड़ देते हैं इससे परिषद का नाम ख़राब होता है और अच्छे लोग उससे बाहर निकलते हैं और एक छत्र राज करते हैं ऐ मत भूलो कल क्या होगा ऐ हमेशा याद रखो की आपने चुनाव कराने के लिए ना तो आम सभा बुलाया और कौन से अधिकार से चुनाव अधिकारी रिजल्ट मनमानी ढंग से कर सकता है यही है बैलेट पेपर का चुनाव, धांधली और बूथ कैप्चर जो लोकतान्त्रिक नहीं है।इवीएम मशीन कभी गलत नहीं होता ना ही क़ोई इसे लूट सकता है और ना ही बैलेट पेपर या मत पत्र बदल सकता है क्योंकि उसमें जीपीएस से लैस होता है और मॉक पोल में इलेक्शन एजेंट की उपस्थिति में 50मौक पोल किए जाते हैं जो वीवीपैट से जो पर्ची आती है उसका मिलान किया जाता है तभी ईवीएम मशीन को सील किया जाता है और उस समय जो फॉर्म सी एजेंट व पोलिंग अफसर को दिया जाता है वही काउंटिंग के समय दिखा दिया जाता है और मतों की गणना की जाती है जो बिलकुल पारदर्शी होता है क्योकि जो आप वोट देते है उस उम्मीदवार की पर्ची वी वीपैड से गिरते हुए दिखता है अतः ईवीएम से चुनाव बिलकुल पारदर्शिता होता है उसपर यदि क़ोई सबाल करे तो जहाँ जीत मिलती वहाँ चुप हो जाते हैं और जहाँ से जनता हार का जनादेश देती है उसी में क्यों खोट निकाल देते हैं आखिर वैलेट पेपर पर धांधली हो और ऐसा ही चुनाव चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में देखा गया और सुप्रीम कोर्ट ने नतीजा पलट दिया ऐ मेयर का चुनाव है इसलिए मायने रखता है लेकिन किसी सोसाइटी या परिषद के चुनाव में धांधली होती है तो लोग इस मुद्दे को डर से ठन्डे बसते में डाल देते हैं और जनादेश का अपमान होता है!

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

मोदी की गारंटी बनाम कांग्रेस का न्याय

सुरेश हिंदुस्तानी

अब ज़ब लोकसभा चुनाव के मैदान सज गया है, सभी राजनीतिक दल अपने अपने बयानों में पैनापन लाने की क़वायद कर रहे हैं, तब यह तो कहा जा सकता है कि इस बार का चुनाव कई दलों के लिए आरपार की लड़ाई हो गई है। लोकसभा चुनाव की तैयारी के बीच सभी राजनीतिक दल अपने अस्तित्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। इतना ही नहीं विपक्षी राजनीतिक दल केवल वर्तमान सत्ताधारी दल के विरोध पर ही अपना पूरा फोकस करते हुए चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा एक बड़ी बात यह भी है कि भाजपा ने जहां मोदी की गारंटी को प्रमुख हथियार बनाकर अपने मन में विश्वास बनाया है, वहीं अब कांग्रेस भी इसका अनुसरण करने की नीति अपना रही है। भाजपा की ओर से मोदी की गारंटी के बाद कांग्रेस के राहुल गांधी अपनी पार्टी की 25 गारंटी जनता के सामने लाए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम देकर एक नई राह बनाने का काम किया है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव भी कांग्रेस ने न्याय देने के वादे पर ही लड़ा था, लेकिन अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुए। हम जानते हैं कि भाजपा ने 2014 के चुनाव में भारत के चाय वालों के साथ गहरा संबंध स्थापित किया था, इसी प्रकार 2019 के चुनाव में कांग्रेस के चौक़ीदार चोर है के जवाब में ÷मैं भी चौक़ीदार÷ का नारा देकर गरीब तबके को अपने साथ जोड़ा था। इस चुनाव में मोदी की गारंटी भाजपा का नारा है। कांग्रेस ने भी गारंटी देने का वादा किया है, लेकिन जनता किसकी गारंटी को स्वीकार करती है, यह समय बताएगा।

मैं इस लेख को किसी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध के लिए नहीं लिख रहा हूँ, लेकिन जो सच है उसको लिखने से कोई आशय निकलता है तो भले ही निकले, लेकिन उसे परिवर्तित नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि एक बार पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने कांग्रेस की योजनाओं की नाकामी को स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया था कि सरकार गरीब जनता तक जो लाभ पहुंचाती है, उसका मात्र 15 प्रतिशत ही पहुँच पाता था। इसका आशय यह भी है कि 85 प्रतिशत राशि या तो कमीशन खोरी में जाता था या प्रशासनिक अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाता था। इसका एक अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि कांग्रेस के शासन काल में हर शासकीय योजना भ्रष्टाचार का शिकार हुई। इसके विपरीत वर्तमान केंद्र सरकार में कम से कम इतना तो हुआ ही है कि गरीब तक पहुँचने वाला लाभ बिना किसी बिचौलिए के पात्र व्यक्ति को ही शत प्रतिशत मिल रहा है। यानी अब योजनाएं बिना किसी भ्रष्टाचार के पूरी हो रही हैं। कांग्रेस पार्टी की और से दी जाने वाली गारंटी निश्चित ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मनोबल में बढ़ोत्तरी करेगी। क्योंकि अब उनके पास भी जनता के बीच अपनी योजनाएं रखने के लिए मौका है। कांग्रेस के यह बात भी एक संजीवनी का कार्य कर रही है कि उसके नेता राहुल गांधी जनता के बीच जाने के लिए बहुत तेजी से सक्रिय होते जा रहे हैं। लेकिन महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि कांग्रेस को केवल मोदी विरोध की राजनीति से तौबा करना चाहिए, उसे केवल जनता के बीच जाकर अपने वादे बताकर जनता से संबंध बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए, क्योंकि हर व्यक्ति की अपनी शैली होती है। मोदी की शैली यही है कि वह जनता की भावना के अनुसार ही अपना भाषण देते हैं। इसके अलावा राहुल गांधी कभी कभी पटरी से उतरते दिखाई देते हैं।

कांग्रेस की ओर से जारी किए गए घोषणा पत्र में न्याय देने की बात कही गई है। साथ ही जातिगत जनगणना करने का भी वादा किया गया है। हो सकता है जातिगत जनगणना का वादा कांग्रेस के लिए लाभकारी साबित हो, लेकिन इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि इस मुद्दे पर भारत की पूरी जनता आँख बंद करके समर्थन करने के लिए आगे आ जाए। क्योंकि जो संस्थान या व्यक्ति समाज को एक करने के लिए प्रयास कर रहीं हैं, उनको कांग्रेस का यह वादा न्यायसंगत नहीं लग रहा होगा। यह बात सही है कि आज समाज बदल रहा है। वह जातिगत समाज के बाहर आकर भारतीय समाज यानी एकत्रित समाज होने की दिशा में बढ़ रहा है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

दैनिक पंचांग

10 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मीन में	मेष	05.58 बजे से
चंद्र	मेष में	वृष	07.39 बजे से
मंगल	कुंभ में	मिथुन	09.37 बजे से
बुध	मीन में	कर्क	11.50 बजे से
गुरु	मेष में	सिंह	14.06 बजे से
शुक्र	मीन में	कन्या	16.18 बजे से
शनि	कुंभ में	तुला	18.29 बजे से
राहु	मीन में	वृश्चिक	20.43 ब.से
केतु	कन्या में	धनु	23.00 बजे से
राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक		मकर	01.05 बजे से
		कुंभ	02.51 बजे से
		मीन	04.24 बजे से

बुधवार 2024 वर्ष का 101 वां दिन
दिशाशूल उत्तर **ऋतु** बसंत।
विक्रम संवत् 2081 **शक संवत्** 1946
मास चैत्र **पक्ष** शुक्ल
तिथि द्वितीया 17.33 बजे को समाप्त।
नक्षत्र भरणी 03.06 बजे रात्र को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 10.37 बजे को समाप्त। **करण** बालव 06.59 बजे, कौलव 17.33 बजे तदनन्तर तैतिल 04.14 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 01.2 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 08° 03'
सूर्य उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871945
जूलियन दिन 2460410.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना रमजान **तारीख** 30
विशेष सिंधारा दोज, चन्द्रदर्शन, डॉ. हैनीमेन जयंती।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
लाभ	05.54 से	07.22 बजे तक	उद्वेग	05.41 से	07.12 बजे तक
अमृत	07.22 से	08.51 बजे तक	शुभ	07.12 से	08.44 बजे तक
काल	08.15 से	10.19 बजे तक	अमृत	08.44 से	10.16 बजे तक
शुभ	10.19 से	11.47 बजे तक	चर	10.16 से	11.47 बजे तक
रोग	11.47 से	01.16 बजे तक	रोग	11.47 से	01.19 बजे तक
उद्वेग	01.16 से	02.44 बजे तक	काल	01.19 से	02.51 बजे तक
चर	02.44 से	04.12 बजे तक	लाभ	02.51 से	04.23 बजे तक
लाभ	04.12 से	05.41 बजे तक	उद्वेग	04.23 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

निराशा से होती है हार

नियति प्रम के निरंतर उल्लंघन से प्रकृति का अदृश्य वातावरण भी इन दिनों कम दूषित नहीं हो रहा है। भूकम्प, तूफान, बाढ़, विद्रोह, अपराध, महामारियां आदि पर नियंत्रण पाना कैसे संभव होगा, समझ नहीं आता। किंकर्त्तव्यविमूढ़ स्थिति में पहुंचा हतप्रभ व्यक्ति प्रमशः अधिक निराश होता है। इतना साहस और पराक्रम तो विरलों में होता है, जो आंधी, तूफानों के बीच भी आशा का दीपक जलाए रह सकें, गतिशीलता में कमी न आने दें। ऐसे व्यक्तियों को महामानव-देवदूत कहा जाता है पर वे यदाकदा ही प्रकट होते हैं। आज जनसाधारण का मानस ऐसे ही दलदल में फंसा है। होना तो चाहिए था कि अनौचित्य के स्थान पर औचित्य को प्रतिष्ठत करने के लिए साहसिक पुरुषार्थ जगता पर लोक मानस में उस स्तर का उच्च स्तरीय उत्साह नहीं उभर रहा है। इन परिस्थितियों में साधारण जनमानस का निराश होना स्वाभाविक है। समझ लेना चाहिए कि निराशा हल्के दर्जे की बीमारी नहीं है, वह जहां भी जड़ जमाती है, घुन की तरह मजबूत शहतीर को भी खोखला करती जाती है। निराशा अपने साथ हार जैसे मान्यता संजोए रहती है। इतने दबावों से दबा आदमी स्वयं तो टूटता ही है, साथियों को भी तोड़ता है। इससे शक्ति का अपहरण होता है, जीवनी शक्ति जबाव दे जाती है, तनाव बढ़ते जाने से उद्विग्नता बनी रहती है और ऐसे रचनात्मक उपाय नहीं दिखते, जिनके सहारे तेज बहाव वाली नाव खेकर पार पाया जाता है। निराश व्यक्ति जीत की संभावना नकारने के कारण जीती बाजी हारते हैं। निराशा न किसी गिरे को ऊंचा उठने देती है और न प्रगति की किसी योजना को क्रियान्वित होने देती है। अस्तु, निराशा को छोटी बात न मानकर उसके निराकरण का हर क्षेत्र में प्रयत्न होता रहे।

शब्द पहेली - 7972



बाएँ से दाएँ

1. सावधान, सचेत-3
3. खूबसूरत-3
5. वचन, प्रतिज्ञा-2
6. हत्या, मर्डर-2
8. तब तक, अवधि में-4
10. चरित्र, लक्षण-3
12. रूस की मुद्रा-3
13. परागकण-2
14. नाखून-2
15. छुटकारा, आजादी-3
17. तट, किनारा-3
19. ईश्वर, भगवान -4
21. अधीन, काबू-2
23. नवीन, नवजात-2
24. लेखनी, पेन-3
25. लाईन, रेखा -3

ऊपर से नीचे

1. हमेशा, सदैव-2
2. विष, जहर-3
3. गर्भ-3
4. नया, नवल-2
5. पुनरागमन-3
7. मस्ती, उछलकूद-3
8. स्वभाव, आदत-4
9. नुकसान, घाटा-2
12. कपोल, गाल-4
15. शान्ति, सन्नाटा-3
16. ताकत, दम, बल-2
18. बोलने का तरीका-3
19. प्रतिज्ञा, वचन-3
20. आज्ञापालन-3
22. वहम, संदेह-2
23. लोहे की तांत-2

शब्द पहेली -7971 का हल

ना	क	■	जि	रा	फ	■	ब	ला
ज	■	बे	ब	स	■	स	हा	रा
■	प	ना	ह	■	क	री	ना	■
क	र	म	■	दा	स	ता	■	वि
ले	ख	■	का	म	ना	■	दु	ना
जा	■	व	ज	न	■	प	ला	श
■	म	ह	ल	■	प	ह	रा	■
स	न	म	■	न	ह	र	■	जा
जा	न	■	ह	म	ला	■	शा	न

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल- 6757

★★★★☆ मध्यम

	8	1				2	5	
2								9
5			1		7	4		
9	5			4			2	
		3	9		6	7		
	7			8			1	5
		7	2		5			1
6								7
	1	5				6	9	

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6756 का हल

5	9	4	2	3	6	1	8	7
8	7	3	1	4	5	2	9	6
6	1	2	8	7	9	3	5	4
1	6	7	9	8	2	4	3	5
3	8	5	4	1	7	6	2	9
2	4	9	6	5	3	7	1	8
7	5	6	3	9	1	8	4	2
4	2	1	5	6	8	9	7	3
9	3	8	7	2	4	5	6	1

चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन मां विरासिनी की अधिकारियों ने की पूजा अर्चना

गर्भगृह में अपर कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत ने किया घट स्थापित

विजय मत, उमरिया।

चैत्र नवरात्रि का पर्व प्रारंभ हो गया है । बैठकी के प्रथम दिन बिरसिंहपुर पाली स्थित कल्चुरी कालीन आदिशक्ति जगत जननी मां बिरासिनी देवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया ने मां विरासिनी की विधि विधान से पूजा अर्चना की तत्पश्चात गर्भगृह में घट स्थापित किया । इस अवसर पर एसडीएम टी आर नाग, पुजारी एवं भक्त जन उपस्थित रहे । अपर कलेक्टर , सीईओ जिला पंचायत द्वारा मनोकामना कलश की रसीद कटवा कर जवारे कलश का शुभारंभ भी किया। विदित हो कि जिले के जनपद मुख्यालय पाली स्थित मां विरासिनी देवी का मंदिर वर्ष भर श्रद्धालुओ के श्रद्धा का केंद्र रहता है लेकिन नवरात्रि के दौरान बिरसिंहपुर पाली स्थित मंदिर में महिसासुर मर्दिनी रूप में विराजी मां विरासिनी मंदिर में श्रद्धालुओ का सैलाब उमड़ता है। मंदिर में हजारो कलश जलते है।

मंदिर में देश के ही नही अपितु विदेशी श्रद्धालु यथा अमेरिका , स्वीडन , इंग्लैण्ड, कनाडा आदि देशो के भी विदेशी श्रद्धालु मंदिर ट्रस्ट द्वारा नियत शुल्क जमा कराकर कलश प्रज्जवलित कराते है। विरासिनी देवी मंदिर के लिए नवरात्रि विशेष होती है। समिति द्वारा भोग लगाकर विशाल भण्डारा आयोजित किया जाता है तथा दर्शनार्थियो को प्रसाद बांटा जाता है। मां विरासिनी देवी को नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न नौ रूपों में दर्शन किया जाता है। महाअष्टमी के दिन देवी का विशेष श्रृंगार किया जाता है जो स्वर्ण जडित होता है। इस मंदिर का निर्माण 10वीं शताब्दी में कल्चुरी राजाओं द्वारा किया गया था। पाली स्थित मां विरासिनी मंदिर कटनी, शहडोल रेल एवं सडक मार्ग पर पडता है। ऐसा माना जाता है कि श्रद्धालुओ द्वारा कलश पूजन एवं दीपक जलाने से उनकी मनोकामनाएं पूरी होती है। रामनवमी के दिन काली नृत्य के साथ भव्य जवारा कलश यात्रा निकाली जाती है, जिसमें जिले सहित अन्य जगहो से श्रध्दालुगण शामिल होते है । इसके साथ ही चैत्र की बैठकी के दिन जिला मुख्यालय के ज्वालामुखी मंदिर, शारदा देवी मंदिर, वैष्णो देवी मंदिर, शाकाम्भरी देवी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरो में प्रातः काल से ही भक्तों की भीड दर्षन के लिए उमडी। यह सिलसिला देर दोपहर तक चलता रहा। नवरात्रत को दृष्टिगत रखते हुए आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जिसकी शोभा देखते ही बनती है। मंदिरो में घट स्थापना का सिलसिला बैठकी से प्रारंभ हो गया है जो आगामी नौ दिनो तक चलता रहेगा । इसके साथ ही बैठक के दिन भक्तों के द्वारा अपने अपने घरो में भी जवारे कलष स्थापित किए गए है। इसी तरह नौरोजाबाद के उंचेहरा धाम तथा चंदिया में चंडिका माता मंदिर में भक्तों की भीड माता की पूजा अर्चना करने पहुंची एवं परिवार की सुख समृध्दि की कामना की गई।

यूज़ इन शॉर्ट

आदिवासी किसान का घर जलकर हुआ खाक

उमरिया । नगर परिषद मानपुर के वार्ड नंबर 1 सेमरा में किसान रजनीश बैगा पिता दासु बैगा के घर में भीषण आग लग जाने से सब कुछ मिनटों में ही जलकर खाक हो जाने का मामला प्रकाष मे आया है। भीषण आग से पूरा परिवार बेघर हो गया है।घर में सभी वस्तुएं कागजात,अनाज,सोना चांदी,बिस्तर,पहनने के कपड़े अन्य सब कुछ जल गया । घटना के बाद वार्ड पार्षद ने मौके पर पहुंचकर नगर परिषद मानपुर को सूचना दी जिसके फायर बिग्रेड और आग बुझाई गई। नगर परिषद मानपुर के वार्ड पार्षद संतलाल चौधरी द्वारा प्रशासन से मांग की है कि मौका मुआयना कर प्रार्थी को आर्थिक मदद करें जिससे परिवार का जीवन यापन हो सके।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

उमरिया । प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेंद्र सिंह तोमर के मार्गदर्षन में 11 मई को नेषनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। नेषनल लोक अदालत में आपराधिक, सिविल, श्रम, मोटरयान, दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय के लंबित, प्रलिटिगेषन के समझौता योग्य प्रलिटिगेषन के रूप में सभी बैंकों के प्रकरण, नगर पालिका समकेतिक कर एवं जलकर एवं विद्युत प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा । आयोजित होने वाली नेषनल लोक अदालत का अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाने की अपील की गई है।

आचार संहिता में समिति प्रबंधको के प्रभार मे लगाये गये रोक की अव्हेलना कर समितियो के कार्य बंद किए जाने की मांग

द्वद्धद्ध लैम्पस प्रबंधक मजमानीकला श्रीकांत तिवारी ने कमिश्नर शहडोल संभाग को पत्र सौंप कर बताया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मार्यादित शहडोल के द्वारा आदेश जारी कर लागू आदर्श आचरण संहिता मे जिला उमरिया के सहकारी समितियो के प्रभार का आदेश जारी किया गया था जिसके विरोध मे हम लोगो के द्वारा करते हुए आदर्श आचार संहिता तक समितियो के प्रभार पर रोक लगाने के लिए आदेशित किया गया है , पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शहडोल शाखा उमरिया के शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार तिवारी व प्रशासक सहकारी समिति मजमानीकला , मझौलीखुर्द द्वारा समिति प्रबंधक को बिना किसी सूचना के द्वारा समिति का बैंक शाखा से लेन देन बंद कर दिया गया है और पूछने पर कोई लिखित कारण नही बताया जा रहा है । प्रार्थी के द्वारा प्रशासक संदीप कुमार साकेत उप अंकेक्षक सहकारिता जिला उमरिया को लिखित पत्र देने के बाद भी कोई कारण नही बताया गया । जिससे गेहूं के उपार्जन की खरीदी पैक्स कम्प्यूटराईजेशन कार्य व किसानो के ऋण वितरण वसूली का कार्य पूर्णतः बंद हो गया है । उन्होने मांग की है कि आदर्श आचरण संहिता तक समितियो के प्रभार पर लगाये गये रोक के बावजूद भी शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार तिवारी व संदीप कुमार साकेत प्रशासन के उपर आदेश की अवहेलना करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए ।

चुनौती 40 के तहत शत प्रतिशत मतदान हेतु की गई कार्यवाहियों के संबंध मे समीक्षा बैठक आज

उमरिया । लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु चुनौती 40 के प्रकल्प के तहत शामिल मतदान केन्द्रो मे शत प्रतिशत मतदान हेतु पूर्व मे निर्धारित रणनीति के तहत कार्य किए जा रहे है। लक्ष्य की पूर्ति हेतु विधानसभा क्षेत्र 89 बांधवगढ के चयनित मतदान केन्द्रो के बीएलओ , पंचायत सचिव व नोडल अधिकारियो की समीक्षा बैठक 10 अप्रैल को सायं 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार उमरिया में आयोजित की गई है। बैठक में अब तक की कार्यवाही एवं लक्ष्य प्राप्त हेतु कठिनाईयो के विवरण सहित निर्धारित समय व दिनांक को कलेक्ट्रेट सभागार उमरिया मे अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है ।

विधानसभा क्षेत्र 90 मानपुर के पथ प्रदर्शको का प्रषिक्षण आज

उमरिया । लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान 19 अप्रैल को होना है। विधानसभा क्षेत्र 90 मानपुर में मतदान केंद्रों तक मतदान कर्मचारियो, सुरक्षा कर्मियो को छोडने एवं वापस लाने हेतु पथ प्रदष्रको की डियुटी लगाई गई है जिनका प्रषिक्षण 10 अप्रैल को दोपहर 1 बजे से शासकीय रणविजय प्रताप सिह महाविद्यालय मे आयोजित किया गया हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं वाहन प्रभारी लोक सभा निर्वाचन ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करकेली, मानपुर, पाली, मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमरिया, पाली, चंदिया, नौरोजाबाद से कहा है कि अपने स्तर से अधीनस्थ जनपद क्षेत्र , नगरीय क्षेत्र अंतर्गत, ग्राम पंचायतो मे पदस्थ सचिव, रोजगार सहायकों एवं नगर पालिका, नगर परिषद क्षेत्र मे पदस्थ अमले को नियत दिनांक , समय में प्रषिक्षण में उपस्थित होने निर्देषित किया जाए।

सड़क हादसे में एक की मौत तो दो गंभीर रूप से घायल

विजय मत, उमरिया।

मानपुर मुख्यालय के ब्लाक कालोनी के पास सोमवार की शाम दो मोटरसाइकल में आमने सामने जोर दार भिडंत हो गई । घटना में एक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए है। घायलो को इलाज हेतु जिला अस्पताल लाया गया है। जानकारी अनुसार ग्राम हड़हां तहसील नौरोजाबाद निवासी तीन युवक जो शराब के नशे में धुत्त होकर एक ही मोटरसाइकल में तीन लोग सवार होकर मानपुर के ग्राम पटेहरा जा रहे थे जो भटक कर ब्लाक कालोनी तरफ पहुंच गए वहीं सामने से ग्राम अमिलिया निवासी युवक मानपुर तरफआ रहा था तभी अचानक दोनो में जोरदार एक्सीडेंट हो गया जिस कारण अमिलिया निवासी युवक रवि चौधरी पिता नंद कुमार चौधरी उम्र करीब 30 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई वहीं इस हादसे में ग्राम हड़हा तहसील नौरोजाबाद निवासी सिया राम बैगा पिता टिर्रा बैगा एवं सोम नाथ बैगा पिता भारत बैगा गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं जिन्हे इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है वहीं घटना की जानकारी लगते ही मानपुर थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और घायलों को तत्काल मानपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचवाया देखते ही देखते अस्पताल परिसर में भीड़ इकट्ठी हो गई वहीं मौके पर पहुंचे परिजन चीख पुकार कर विलाप करने लगे वहीं मृतक के परिजनों द्वारा बताया गया की अभी कुछ ही दिनों बाद घर में शादी कार्यक्रम सम्पन्न होना था और यह ह्रदय विदारक घटना से सामना करना पड़ रहा है।

पथ प्रदर्शको का प्रषिक्षण आज

उमरिया । लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान 19 अप्रैल को होना है। विधानसभा क्षेत्र 89 बांधवगढ में मतदान केंद्रों तक मतदान कर्मचारियो, सुरक्षा कर्मियो को छोडने एवं वापस लाने हेतु पथ प्रदर्षको की डियुटी लगाई गई है जिनका प्रषिक्षण 10 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से शासकीय रणविजय प्रताप सिह महाविद्यालय मे आयोजित किया गया हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं वाहन प्रभारी लोक सभा निर्वाचन ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करकेली, मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमरिया, पाली, नौरोजाबाद चंदिया से कहा है कि अपने स्तर से अधीनस्थ जनपद क्षेत्र , नगरीय क्षेत्र अंतर्गत, ग्राम पंचायतो मे पदस्थ सचिव, रोजगार सहायकों एवं नगर पालिका, नगर परिषद क्षेत्र मे पदस्थ अमले को नियत दिनांक , समय में प्रषिक्षण में उपस्थित होने निर्देषित किया जाए।

चिरुहला वासियो की यही पुकार, शत प्रतिशत मतदान अबकी बार

विजय मत, उमरिया।

लोकसभा निर्वाचन 2024 निर्वाचन 12 अजजा शहडोल के लिए मतदान 19 अप्रैल को होना है । मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लक्षित मतदान केंद्र चिरुहला 185 में जिला निर्वाचन टीम की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वीप की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अंबिकेश प्रताप सिंह एवं हरनीत कौर ने चिरूहला ग्राम के ग्रामीणों से सतत संपर्क कर उन्हें 19 अप्रैल को मतदान करने करने हेतु प्रेरित किया। उन्होने कहा कि मतदान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है । इस जिम्मेदारी को हमें पूरी , सजगता एवं ईमानदारी के साथ निभाना है और लोकतंत्र का पर्व मनाते हुए मतदान करना है। उन्होने कहा कि आप स्वयं तो मतदान करें ही साथ ही दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर ग्राम में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई । रैली में मातृशक्तियो एवं ग्रामीणों ने भाग लिया एवं समस्त ग्रामीणों को 19 अप्रैल के दिन शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया । रैली में ग्रामीणों ने चिरुहला वासियो की यही पुकार, शत प्रतिशत मतदान अबकी बार के नारे लगाए गए।

मास्टर ट्रेनर संजय पांडे द्वारा मतदाताओं को इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रेरणा दी गई । इस अवसर पर मतदाताओ को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे ।इस अवसर पर सहायक नोडल अधिकारी स्वीप आशीष श्रीवास्तव , बीएलओ प्रकाश मार्को , जन अभियान परिषद प्रतिनिधि दीपक नामदेव, सरपंच ,सचिव रेखा चौबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में कार्यक्रम संपन्न

विजय मत, उमरिया।

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रणविजय प्रताप कॉलेज में कार्यशाला का अयोजन किया गया जिसमें स्वास्थय विभाग डी सी. पी शाक्य के माध्यम से बताया गया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 1948 से लगातार यह दिवस अलग-अलग थीम को लेकर प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है जिसके तहत इस वर्ष (मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार) थीम पर यह विषय हमें याद दिलाता है की हमारा स्वास्थ्य हमारा अधिकार है और हमें इसे प्राप्त करने का पूरा अधिकार है स्वास्थ्य केवल रोगों की अनुपस्थिति नहीं है बल्कि यह हमारे शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण की स्थिति है। हमें स्वास्थ्य के इस महत्वपूर्ण अधिकार का सम्मान करना चाहिए और उसे सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए की हम सभी लोग स्वस्थ्य रहे ।डॉक्टर शाक्य ने बताया कि जिस प्रकार पोलियो की बीमारी से भारत मुक्ति होने का प्रमाणीकरण मिला है ठीक उसी प्रकार हमें विभिन्न बीमारियों को रोकथाम हेतु जागरूक रहना चाहिए साथ ही युवाओं में बदलती लाइफस्टाइल एवं होने वाले मानसिक तनाव पर चर्चा की गई । चर्चा में उपस्थित प्रतिभागीय छात्र-छात्राओं द्वारा अपने शंकाओं का समाधान किया गया एवं प्रश्नों का पूछा गया। इसी कड़ी में एसपी गुप्ता जिला कार्यक्रम समन्वयक जिला क्षय केंद्र द्वारा टीवी की बीमारियों के होने वाले लक्षण एवं उनसे जांच उपचार के संबंध में एवीएन एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन पर विस्तार से चर्चा कर उपस्थित प्रतिभागियों को बताया गया । जिला समन्वयक किशोर स्वास्थ्य द्वारा चौट बोर्ड एवं टोल फ्री क्रमांक जैसे विषयों पर को विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया सभी को (मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार) थीम पर हैप्पी लाईफ की शुभकामनाएं दी गई । कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सी बि सोंधिया एवं समस्त कॉलेज के प्रोफेसर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बाघ को विशेष वाहन से मुकुंदपुर टाइगर सफारी के लिए किया गया रवाना

उमरिया। विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के धमोखर बफर परिक्षेत्र अंतर्गत रोहनिया सहित कई गांवों में एक बाघ लगातार दहशत बनाए हुए था,बाघ रोजाना गांव के भीतर घुस रहा था और लोगों में बाघ की दहशत लगातार बढ़ रही थी जिसे देखते हुए पार्क प्रबंधन ने सोमवार को बांधवगढ़ की एक्सपर्ट टीम के साथ मिलकर रेस्क्यू किया है,जिसके बाद बाघ को पिंजरे में कैद कर विशेष वाहन से मुकुंदपुर टाइगर सफारी के लिए रवाना किया गया है जहां उसका उपचार और स्वास्थ्य की देखभाल वन्य जीव चिकित्सकों द्वारा की जाएगी,प्रबंधन ने बताया है की बाघ की उम्र 14 वर्ष के आसपास है जो की खुले जंगल में शिकार करने में असमर्थ था इसीलिए गांव के आसपास डेरा जमाकर मवेशियों का शिकार कर रहा था।

पीला चावल भेंटकर दिया जा रहा मतदान का निमंत्रण

उमरिया - लोकसभा निर्वाचन 2024 निर्वाचन 12 अजजा शहडोल के लिए मतदान 19 अप्रैल को होना है । लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान की तिथिया जैसे जैसे निकट आती जा रही है , वैसे वैसे मतदाता जागरूकता की गतिविधियां जोर पकडती जा रही है । 19 अप्रैल को 12 अजजा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र शहडोल के लिए संपन्न होने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओ से घर घर संपर्क करने, नुक्कड नाटक , मतदाता जागरूकता गीत के साथ ही अब उन्हें हल्दी चावल भेंटकर मतदान करने का न्यौता दिया जा रहा है । ग्राम धूपखडा में बीएलओ द्वारा घर घर मतदाताओ से संपर्क कर उन्हें 19 अप्रैल मतदान दिवस के लिए शत प्रतिशत मतदान करने का न्यौता दिया गया एवं उनसे कहा गया कि मतदान के इस पर्व में अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए मतदान अवश्य करें ।

जेल मे बंदियो को अनुशासन मे रहने एवं जेल के नियम का पालन करने की दी गई प्रेरणा

उमरिया । जेल अधीक्षक डी के सारस ने बताया कि हिंदू मुस्लिम एकता मंच द्वारा द्वारा जेल के परिरूध्द बंदियो को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई । जिन मुस्लिम भाईयों द्वारा रोजा रखा गया , उन्हें ईद के त्यौहार की बधाई दी । नमाज अदा करने के पूर्व पहनने के लिए कुर्ता पायजामा, वस्त्र, प्रदान किया गया । जेल मे बंदियो को अनुशासन मे रहने एवं जेल के नियम का पालन करने की प्रेरणा दी गई । जेल मे संचालित विभिन्न प्रकार के स्वरोजगार प्रशिक्षण सीखने तथा अपने आचरण, व्यवहार, चाल चलन एवं बातचीत करने के तौर तरीके मे सुधार लाकर अच्छा बर्ताव करने के लिए समझाईश एम एस मंसूरी , असलम खान, राजेंद्र कोल, हनीफखान द्वारा दी गई ।

धर्म — देवियों की पूजा के साथ साथ करे नारी का सम्मान,, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी

पवित्र दृष्टि एवं अच्छे संस्कारो का करे व्रत

विजय मत, उमरिया।

चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर जिला मुख्यालय के शान्ति मार्ग स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग मेडिटेशन केन्द्र ब्रह्माकुमारी आश्रम मे नवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए केन्द्र प्रभारी राजयोगनी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने कहा कि भारत आध्यात्म प्रधान देश है जिसकी संस्कृति एवं सभ्यता श्रेष्ठ थी जो हमारे त्योहारों मे झलकती है।नवरात्रि मे हर व्यक्ति बड़ी श्रद्धा भाव के साथ देवियों की पूजा कर रहा है परन्तु देवियों के आध्यात्मिक रहस्य से अनभिज्ञ होने के कारण उतनी शक्तियों की प्राप्ति नही कर पाता अर्थात उनके आध्यात्मिक भाव को समझकर जीवन मे शक्तियों की प्राप्ति करे।इन शिव शक्तियों को हमेशा प्रकाश चक्र में सजे हुए स्वरूप में ,अष्ट भुजाओं मे अस्त्र शस्त्रधारी एवं शेर पर सवारी करते हुए दिखाया है शेर पर सवार अर्थात प्रक्रति जीत होने का प्रतीक है प्रकृति जीत माना कोई भी आपदा उन पर वार करने की बजाय उनका सत्कार करने लगती है देवियों के अलंकार हिंसक न होकर अहिंसा की निशानी है अष्ट भुजाओं मे अष्ट अलंकारो का आध्यात्मिक रहस्य समाया हुआ है जैसे स्वदर्शन चक्र अर्थात स्वयं की कमजोरियो का दर्शन कर उन्हें नष्ट करना और जब दूसरे को देखे तब उनकी अच्छाइयों का दर्शन करें त्रिशूल अर्थात त्रिसूल के निचे की छड़ दृढ़ निश्चय का प्रतीक है और ऊपर की तीन फन पत्तिया अर्थात मन,वाणी,व कर्म द्वारा पाचो विकारों रूपी राक्षसो को नष्ट कर उन पर विजय प्राप्त करने का प्रतीक है तलवार अर्थात मन पर प्रहार करने वाले ईर्ष्या, द्वष, नफरत, वासनाओं रूपी भूतों को ज्ञान रूपी तलवार द्वारा मार गिराने का प्रतीक है अपने सारगर्भित उदबोधन व्यक्त करते हुए दीदी जी ने कहा कि भोजन के उपवास के साथ साथ बुरी आदतें, बुरे संस्कार बुरी दृष्टि एवं व्यसनों को छोड़ने का व्रत ले।एवं देवियों की पूजा अर्चना के साथ साथ आज समाज मे जो नारियों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं घटित हो रही है अर्थात सभी नारी शक्ति जो देवी का ही रूप है उनका सम्मान करे अर्थात सच्चा व्रत ले कि हर नारी के प्रति पवित्र द्रष्टिकोण रखे ।इसलिए नवरात्रि के दिनों में कन्याओं का पूजन होता है कहते है जिस घर में नारी व कन्याओं का सम्मान होता हैं उस घर मे देवताये एवं सुख शान्ति सदा वास करती है।अर्थात नवरात्रि के दिनों में हर नारी के प्रति पवित्र भाव एवं सम्मान देने का व्रत ले।तभी कहेगे सच्ची सच्ची नवरात्रि मनाना।

अगर आप चुस्त-दुरूस्त रहना चाहते है तो आप आज से ही चने का सेवन करना शुरू कर दीजिये। बस एक मुट्ठी चना से आप स्वस्थ और ताकतवर बन सकते हैं। ये आपको सुंदर और तेज दिमाग वाला बनायेगा।

चने से पाइए स्वस्थ-सुंदर काया

कभी आपने एक घोड़े को देखा है, वो कितनी तेजी से भागता है और चुस्त-दुरूस्त रहता है जानते हैं उसका कारण क्या है घोड़ा सिर्फ और सिर्फ चना खाता है। इसलिए अगर आप भी उसके जैसे फुर्तिले बनना चाहते हैं तो चने का सेवन नियमित रूप से करना शुरू कर दीजिये । इसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, नमी, चिकनाई, रेशे, कैल्शियम, आयरन और विटामिन्स पाए जाते हैं।

रोज करें सेवन

चने का सेवन आप किसी भी रूप में कर सकते हैं, जैसे कि आप अपने खाने वाले गेंहू के आटे में चने का आटा मिला दीजिये या फिर आप हफ्ते में एक बार चने की सब्जी जरूर खाना शुरू कर दीजिये या फिर आप सुबह-शाम के नाश्ते में अंकुरित चने को एक गिलास दूध के साथ लेना शुरू कर दीजिये ।

चने में अत्यधिक प्रोटीन

डॉक्टरों का कहना है कि चने में अत्यधिक प्रोटीन होता है जो आपके शरीर के लिए बेहद जरूरी है। चना आपकी पाचन शक्ति को संतुलित और दिमागी शक्ति को भी बढ़ाता है। चने से खून साफ होता है जिससे आपकी त्वचा निखरती है। और तो और आपको यकीन नहीं होगा चना लोगों में यौन शक्ति को भी बढ़ाता है ।

गरीबों का बादाम

चने का गरीबों का बादाम कहा जाता है क्योंकि ये सस्ता होता है लेकिन इसी सस्ती चीज में बड़ी से बड़ी बीमारियों की लड़ने की क्षमता है। चने से बालों का गिरना भी रूकता है क्योंकि इसमें उपस्थित प्रोटीन बालों को मजबूती प्रदान करते हैं।

उबले चने में नमक मिलाकर खाएं

उबले चने को सिर्फ नमक मिला कर खाने से आपका वजन भी कम हो सकता है वो भी बेहद कम समय में जिसे की आप घंटो जिम में पसीना बहाकर भी कम नहीं कर सकते हैं। इसलिए देर किस बात की है आज से ही चना खाकर काम पर चलिए।। फर्क आप खुद ही महसूस करेगें। वैसे भी कहा गया है कि जो खाये चना वो रहे बना।

शुद्ध आत्माओं का मनन करें

चरित्र ही मनुष्य के जीवन की अनमोल थाती है। चरित्रविहिन मनुष्य पशु तुल्य होता है।

संसार में जितने भी धर्म हैं सभी चरित्र का पाठ पढ़ाते तो हैं किंतु चरित्र की सूक्ष्मता का उतनी गंभीरता से विचार नहीं करते जितना जैन दर्शन में किया जाता है। जैन धर्म चरित्र प्रधान धर्म है। जिसमें चरित्र की ही पूज्यता है, मान्यता है। चरित्र बिना ज्ञान कागज के फूल के समान खुशबू रहित है। यही कारण है कि जैन धर्म के मूल मंत्र णमोकार मंत्र में भी किसी व्यक्ति विशेष को नमस्कार न कर उन सभी भव्य आत्माओं को नमस्कार किया है जिन्होंने अपने चरित्र की उत्कृष्टता, पवित्रता एवं उवलता के कारण परमात्मा तत्व की प्राप्ति की है अथवा वर्तमान में जो भी इस मार्ग को अपनाकर चरित्र शुद्धि के मार्ग में अग्रसर हैं, वे ही पूज्य हैं।

आत्म तत्व की शक्ति

जैन दर्शन के अनुसार प्रत्येक प्राणी की अपनी स्वतंत्र सत्ता है, चाहे वह मनुष्य हो, देव नारकी अथवा पशु ही क्यों न हो। आत्मतत्व की शक्ति की अपेक्षा से सभी जीव समान है। चरित्र शुद्धि के मार्ग पर अग्रसर होना प्रत्येक जीव का प्रथम कर्तव्य है। चरित्र शुद्धि के मार्ग पर अग्रसर होकर ही यह जीव परमात्मा पद, सर्वोच्च पद प्राप्त कर सकता है। अपनी चारित्रिक अशुद्धियों के कारण ही यह जीव इस संसार की चौरासी लाख योनियों में निरंतर भटक रहा है। चरित्र शुद्धि जैन धर्मावलंबियों की धर्म साधना का मूल उद्देश्य होता है तथा जैनियों के जितने भी पर्व होते हैं उसमें चरित्र प्रधान होते है।

धर्म के लक्षण

सत्य, संयम, तप, त्याग, ब्रह्मचर्य आदि जो है वे सब धर्म के लक्षण हैं। हमारी आत्मा के निज स्वभाव है। मूलत: अपनी स्वाभाविक अवस्था में आत्मा इन्हीं में रमण करती है। जिस प्रकार खुशबू को फूल से अलग नहीं किया जा सकता उसी प्रकार इन गुणों को भी आत्मा से अलग नहीं किया जा सकता।

आत्मा के विकारी भाव

क्रोध, मान, माया, लोभ, राग, द्वेष, मद-मत्सर, ईर्ष्या आदि के भाव हमारी आत्मा के विकारी भाव है जिन्हें हमें जानना है तथा इनका दृढ़तापूर्वक शमन करना है, दमन करना है। अपनी आत्मा को अपने चरित्र को उवल, पवित्र तथा उत्कृष्ट बनाना है। इन्हीं भावनाओं को भाने के लिए चरित्र में लाने के लिए यह दशलक्षण महापर्व मनाया जाता है। इन दस दिनों में धर्म के स्वरूप के माध्यम से प्रत्येक श्रावक स्वयं अपनी आत्मा का अवलोकन करता है। अपनी सारी बुराइयों का चिंतन करता है तथा उन्हें दूर करने में प्रयासरत होता है, भावना भाता है, तद्नुरूप संयम तथा त्याग का मार्ग अपनाता है। अपने गुरुजनों से धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा पाता है।

बुराइयों को नजरअंदाज करें

बुराइयां क्या हैं, क्यों हैं, किस कारण से हैं, उनका स्वरूप कैसा है तथा वे कैसे-कैसे रूप बदलकर हमारे सामने उपस्थित होतीं हैं यह जानना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। तभी वह इन बुराइयों से बचकर सत्मार्ग अपना सकता है। बुराइयों को त्यागना तथा अच्छाइयों को अपनाना ही इस महापर्व की सार्थकता है।

चरित्र की शुद्धता

चरित्र शुद्धि के इस महापर्व पर श्री वीर प्रभु से यही मंगल प्रार्थना करता हूं कि प्रत्येक मनुष्य के मन में एक-दूसरे के प्रति प्रेम, वात्सल्य, भाईचारे के भाव जागृत हो, क्षमा दया के भाव हो, हम स्वयं सदा सुखी रहें और औरों को निरंतर सुखी रखने का प्रयास करें। उनके मंगल की भावना भाएं, विश्व बंधुत्व की भावना से सदा ओत-प्रोत रहें, सुखी रहें। सब जीव जगत की भावनाओं के साथ मंगल विराम लेता हूं।

त्याग का मार्ग कठिन

त्याग का मार्ग वस्तुत: कठिन प्रतीत होता है। किंतु इसे सरल से सरल प्रक्रिया द्वारा कैसे अपनाया जाए कैसे अपने जीवन में उतारा जाए, कैसे अपने जीवन को स्वावलंबी बनाया जाए तथा कैसे अपने जीवन को पराश्रित होने से बचाया जाए इसकी शिक्षा दशलक्षण पर्व के इन्हीं दस दिनों में सीखने मिलती है। सहजता से जीवन जीने की कला ही धर्म है। और यह पर्व हमें यही कला सिखलाता है।

ठहाके लगाएं दर्द भगाएं

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की अगुवाई में हुए एक अध्ययन में यह दावा किया गया है। अनुसंधानकर्ताओं की टीम ने पाया कि जब हम हल्का मुस्कराने की बजाए खुलकर हंसते हैं तो इससे हुई शारीरिक क्रियाओं से दिमाग में इंडोरफिंस का स्राव होता है।

दर्द पर काबू

दिमाग में बनने वाले इस जटिल रसायन से दर्द पर काबू मिलता है और अछे होने का अहसास होता है। विश्वविद्यालय के मुताबिक अध्ययन में बताया गया कि दूसरों के साथ महज 15 मिनटों की कॉमेडी दर्द को बर्दाश्त करने की क्षमता को दस फीसदी बढा देती है।

आंखें सिकुड़ जाती हैं

कई अध्ययनों में पहले यह कहा जा चुका है कि दूसरों के साथ होने से हंसने की संभावना अकेला होने की तुलना में 30 गुना बढ़ जाती है। दूसरों के साथ ठहाके लगाने से इंडोरफिंस का स्राव होता है। अनुसंधान पत्र में हंसी के प्रकारों को बताया गया है। नम्रतापूर्वक हंसी जो आंखों तक नहीं पहुंचती जबकि खुलकर हंसने में आंखें सिकुड़ जाती हैं।

अखरोट रोके स्तन कैंसर

महिलाओं में स्तन कैंसर आम बात है। जबकि महिलाओं में कैंसर से मृत्यु इसका दूसरा कारण है। किसी महिला के जीवनकाल में स्तन कैंसर का अधिकतम औसत 9 में 1 होता है। वहीं महिलाएं रोजाना खाने के साथ अगर अखरोट लेती हैं तो इससे मुक्ति संभव है।

यह बात एक शोध में सामने आई है। चूहों पर किए गए एक परीक्षण में इस बात की पुष्टि की जा चुकी है। मार्शल विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मेडिसिन की शोधकर्ताओं ने चूहों के एक समूह को अखरोट वाला भोजन दिया और दूसरे समूह को साधारण खाना दिया। दोनों समूहों के चूहों के ऊपर होने वाले असर की जांच के बाद यह खुलासा किया गया। शोधकर्ताओं के मुताबिक जिन चूहों को अखरोट वाला भोजन दिया गया, उनमें स्तन कैंसर की संभावना बहुत कम हो गई। विज्ञान जर्नल 'न्यूट्रिशन एंड कैंसर' की रिपोर्ट के मुताबिक अखरोट खाने वाले चूहों में ट्यूमर की संख्या और आकार काफी छोटे थे। मार्शल विश्वविद्यालय ने शोधकर्ताओं के हवाले से कहा, अखरोट खाने के कारण स्तन कैंसर के विकास में आई कमी विशेष तौर पर बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि चूहों में स्तन कैंसर विकसित होने की संभावना बहुत अधिक होती है।

ऐसे पाओ धूम्रपान से छुटकारा

मिरियम अस्पताल के सेंटर्स फॉर बिहेवियरल एंड प्रीवेंटिव मेडीसिन के अध्ययन में पहली बार धूम्रपान की लत से छुटकारे के लिए भारोत्तोलन प्रशिक्षण का इस्तेमाल किया गया है। 'निकोटीन एंड टोबैको रिसर्च' पत्रिका के मुताबिक, धूम्रपान से हर दिन हजार से अधिक अमेरिकीयों की मौत होती है। ऐसे लोग बड़ी संख्या में हैं जो इस लत से छुटकारा पाना चाहते हैं लेकिन इनमें से पांच प्रतिशत के लिए ही बिना किसी मदद के ऐसा सम्भव हो पाता है। जोसफ सिक्कोलो के इस अध्ययन में 18 से 65 साल उम्र के पुरुष व महिलाएं शामिल हुए थे। ये लोग बीते पांच साल या उससे भी लम्बे समय से हर रोज कम से कम पांच सिगरेट फूंक रहे थे। अध्ययन में देखा गया कि जिन प्रतिभागियों ने 12 सप्ताह तक भारोत्तोलन प्रशिक्षण लिया उनके नियमित रूप से ऐसा न करने वालों की तुलना में धूम्रपान छोड़ने की सम्भावना दोगुनी थी।

गंभीर ने धोनी को भारत का सबसे सफल कप्तान बताया

नई दिल्ली। आईपीएल में केकेआर के मेंटार गौतम गंभीर ने सीएसके के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की जमकर प्रदर्शन करते हुए उन्हें भारत का सबसे सफल कप्तान करार दिया है। गंभीर ने कहा कि धोनी एक ऐसे कप्तान हैं जिनके रहते हुए विरोधी टीम अंतिम गेंद तक जीत का दावा नहीं कर सकती है। गंभीर ने धोनी की योजनाओं और स्पिनर्स पर नियंत्रण के कौशल की सराहना की और उन्हें खेल का फिनिशर भी माना है। धोनी की चतुर मानसिकता की प्रशंसा करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि जब तक धोनी मैदान पर हैं, विरोधी टीम आखिरी गेंद तक यह नहीं सोच सकती कि वह जीत जाएगी।

धोनी और फ्लेमिंग के होने से मेरे लिए फैसला लेने आसान हुए : रितुराज

चेन्नई। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर अपनी टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को जीत दिलाने वाले कप्तान रितुराज गायकवाड़ ने कहा है कि पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और कोच स्टीफन फ्लेमिंग के कारण उनके लिए कप्तानी करना आसान हो गया है। रितुराज को आईपीएल 2024 सत्र के ठीक पहले कप्तान बनाया गया था। सीएसके ने इस मैच में केकेआर को नौ विकेट पर 137 रन पर रोकने के बाद 17.4 ओवर में ही तीन विकेट पर लक्ष्य हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। रुतुराज ने जीत के बाद कहा, '' इस टीम में मुझे किसी से कुछ कहने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि हर कोई अनुभवी है और अपनी भूमिका जानता है। इसके अलावा धोनी और फ्लेमिंग के होने से उन्हें फैसले लेने के लिए सलाह भी मिल जाती है।'' रुतुराज को इस मैच में पहली अर्धशतकीय पारी के साथ ही पुरानी बातें भी याद आ गयीं।

आईपीएल 2024 में आज गुजरात टाइटंस पर जीत के इरादे से उतरेगी राजस्थान रॉयल्स

शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा मैच

जयपुर, एजेंसी

आईपीएल 2024 सत्र के 24 वें मैच में बुधवार को राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस का मुकाबला होगा। राजस्थान रॉयल्स अब तक इस सत्र में अपने सभी चारों मुकाबले जीतकर नंबर एक स्थान पर है और ऐसे में घरेलू मैदान में होने वाले इस मैच में भी वह अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखना चाहेगी। राजस्थान के पास शीर्ष स्तर के गेंदबाज और बल्लेबाज हैं पर उसकी चिंता युवा सलामी यशस्वी जायसवाल का फार्म में नहीं होना है। ऐसे में यशस्वी इस मैच में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। वहीं दूसरे सलामी बल्लेबाज जोस बटलर ने पिछले मैच में शतक लगाकर अपना फार्म वापस हासिल कर लिया है।

रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन अच्छी लय में हैं जिससे भी टीम को लाभ हुआ है। सैमसन ने अबतक चार मैचों में दो अर्धशतक के साथ ही 178 रन बनाये हैं। रॉयल्स के लिये इस सत्र में युवा रियान पराग ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए काफी रन बनाये हैं। पराग ने अब तक 185 रन बना लिये हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा शिमरोन हेटमायेर और ध्रुव जुरेल को मध्यक्रम में अच्छी पारियां खेलनी होगी। राजस्थान की तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर पर रहेगी। वहीं स्पिन की कमान लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल के पास रहेगी। अनुभवी स्पिनर आर अश्विन का खराब फॉर्म हालांकि टीम के लिए परेशानी बना हुआ है। इसके बाद भी राजस्थान गुजरात टाइटंस पर काफी भारी है। दूसरी ओर गुजरात टीम को अभी तक पांच में से तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है और दो जीत के साथ ही उसके चार अंक हैं।

गुजरात की टीम का लक्ष्य किसी प्रकार ये मैच जीतकर वापसी करना रहेगा पर राजस्थान के अब तक के प्रदर्शन को देखते हुए उसके लिए ये आसान नहीं होगा। उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों को आपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। कप्तान शुभमन गिल ने अभी तक पांच मैचों में केवल 183 रन ही बनाये हैं। वहीं उनके जोड़ीदार बी साइ सुदर्शन भी अब तक विफल रहे हैं। गेंदबाजी में मोहित शर्मा और उमेश यादव ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया पर अब तक के प्रदर्शन के आधार पर वह टीम को जीत नहीं दिला पायेंगे। टीम के स्टार स्पिनर राशिद खान भी अब तक लय में नहीं दिखे हैं। कुल मिलाकर देखा जाये तो इस मैच में भी रॉयल्स की दावेदारी ही मजबूत नजर आती है।

मेरा लक्ष्य मैच जीतना रहता है : बाबर आजम

लाहौर। सीमित ओवरों के लिए एक बार फिर पाकिस्तान क्रिकेट टीम की कप्तान मिलने से उत्साहित बाबर आजम ने कहा है कि वह एक अलग प्रकार के खिलाड़ी हैं। इसलिए उनकी तुलना किसी अन्य से नहीं की जानी चाहिये। वहीं कम स्ट्राइट रेट के कारण हो रही आलोचनाओं को लेकर आजम ने कहा कि उनका लक्ष्य मैच जीतना रहता है, इसलिए अन्य बातों पर वह ज्यादा ध्यान नहीं देते। उन्होंने कहा कि मैं एक अलग खिलाड़ी हूं और मैदान पर स्थिति के अनुसार अपने को ढाल लेता हूं। क्रिकेट आजकर बहुत तेज होने लगा है पर मैच जीतना ही मेरा अंतिम लक्ष्य रहता है। बाबर ने साथ ही कहा कि मैं इस बात पर ध्यान केंद्रित करता हूं कि पारी को आगे बढ़ार किया प्रकार मैच कैसे जीते जायें। साथ ही कहा कि मैच बनाना और पारी खेलना अलग-अलग चीजें होती हैं। मैच जिताने में ये दोनों चीजें शामिल रहती हैं। इसमें इस बात का ध्यान रखना होता है कि शुरुआत से अंत तक के ओवर किस प्रकार खेलने होते हैं। साथ ही कहा कि , मैं अपने खेल को समझता हूं। मैं जानता हूं कि मुझे किस प्रकार के स्ट्रोक्स लगाते हुए मैच आगे बढ़ाना है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए मुख्य कोच बने अजहर महमूद

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 अप्रैल से शुरू हो रही घरेलू सीरीज के लिए अजहर महमूद को अंतरिम मुख्य कोच की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। महमूद अभी ब्रिटेन में बसे हैं और इंग्लैंड तथा वेल्स क्रिकेट बोर्ड के मान्यता प्राप्त कोच हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में मोहम्मद युसूफ को बल्लेबाजी कोच और सईद अजमल स्पिन गेंदबाजी कोच होंगे। वहीं जून में होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए अजहर को सभी प्रारूपों के लिए टीम का सहायक कोच बनाया जा सकता है। पिछले कुछ समय में पीसीबी में आये बदलाव के बाद शाहीन शाह अफरीदी को टीम की कप्तानी दी गयी थी। बाबर आजम को फिर से टीम की कमान सौंप दी गयी थी। टी20 विश्व कप का आयोजन संयुक्त रुप से अमेरिका और वेस्टइंडीज करेंगे। वहीं पीसीबी ने अभी तक विदेशी कोचों ऑस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी और दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन के साथ किसी करार की घोषणा नहीं की है पर माना जा रहा है कि गिलेस्पी टेस्ट क्रिकेट में मुख्य कोच होंगे जबकि कर्स्टन सफेद गेंद के प्रारूप में यह जिम्मेदारी संभालेंगे।

मुस्तफिजुर पर्पल कैप की दौड़ में फिर नंबर एक पहुंचे, चहल दूसरे नंबर पर खिसके

ऑरेंज कैप के लिए विराट पहले नंबर पर कायम

चेन्नई, एजेंसी

चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की ओर से खेल रहे बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान एक बार फिर पर्पल कैप की रेस में नंबर एक स्थान पर पहुंच गये है। मुस्तफिजुर ने केकेआर के खिलाफ मुकाबले में दो विकेट लेकर एक बार फिर लीग मे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के तौर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है। इस प्रकार

मुस्तफिजुर ने नंबर एक पर चल रहे यजुवेन्द्र चहल को दूसरे स्थान पर धकेल दिया है। मुस्तफिजुर बीच के दौर में निजी कारणों से स्वदेश लौट गये थे। इस कारण वह नंबर एक स्थान से फिसल गये थे पर वापसी के बाद उन्होंने अपने प्रदर्शन से अपना खोया स्थान हासिल कर लिया है। रहमान के नाम एक हफ्ते पहले भी आईपीएल 2024 का पर्पल कैप था. इसके बाद वे निजी कारणों से स्वदेश लौट गए थे. इसका फायदा युजवेंद्र ने उठाया और वे टूर्नामेंट में सबसे अधिके विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए. लेकिन मुस्तफिजुर ने लीग में वापसी करते ही एक बार फिर पर्पल कैपकैप अपने नाम कर ली है। मुस्तफिजुर ने 4 मैच में 9 विकेट लिए हैं जबकि चहल ने 4 मैच में 8 विकेट लिए हैं जबकि मोहित शर्मा, खलील अहमद और कोएत्जी 7-7 विकेट लेकर संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर हैं।

बिजनेस

विशाल मेगा मार्ट इस साल लॉन्च करेगा अपना आईपीओ

नई दिल्ली, एजेंसी

विशाल मेगा मार्ट इस साल अपना आईपीओ लाने की तैयारी कर रहा है और इसकी उसने तैयारी भी शुरू कर दी है। अब ये इंडियन सुपरमार्केट चेन आपको कमाई कराने की तैयारी कर रही है.। अगर आप शेयर बाजार में निवेश करते हैं, तो ये खबर आपके लिए खास है। इसके लिए कंपनी ने दो बैंकों का चयन भी कर लिया है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, विशाल मेगा मार्ट इस साल आईपीओ के लिए कोटक महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक के साथ बातचीत कर रहा है। इस रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि दोनों बैंक इस साल की चौथी तिमाही में सुपरमार्केट श्रृंखला को शेयर बिक्री के लिए आईपीओ लाने में मदद करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुग्राम स्थित इस कंपनी द्वारा अपने इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग के जरिए 850 मिलियन डॉलर से 1 अरब डॉलर के बीच जुटाने की उम्मीद है। भारतीय मुद्रा में गणना करें तो इस आईपीओ का आकार लगभग 7080-8330 करोड़ रुपये के बीच हो सकता है। हालांकि, हम इसकी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर रहे हैं। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि अपना आईपीओ लाने के लिए कंपनी अन्य बैंकों को भी साथ ला सकती है।

बता दे कि स्विट्जरलैंड के पार्टनर्स ग्रुप और भारत की केदारा कैपिटल ने साल 2018 में निवेश फर्म टीपीजी कैपिटल से विशाल मेगा मार्ट को खरीदा था। यह एक प्राइवेट लेबल, फैशन व जनरल मर्चेंडाइज, फूड और किराना के सामान की पेशकश करती है।

सेंसेक्स पहली बार 75000 के पार निकला

सेंसेक्स ने 75124 और निफ्टी ने 22768 का ऑल टाइम हाई बनाया

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजार आज यानी 9 अप्रैल को पहली बार 75,000 के लेवल के पार निकल गया है। सेंसेक्स ने 75,124 का और निफ्टी ने 22,768 का ऑल टाइम हाई बनाया। हालांकि इसके बाद शेयर बाजार में मामूली गिरावट देखने को मिली और सेंसेक्स 58 अंक गिरकर 74,683 पर बंद हुआ।

वहीं निफ्टी में भी आज 24 अंक की गिरावट रही। ये 22,642 के स्तर पर बंद हुआ। आज सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में गिरावट और 11 में तेजी देखने को मिल रही है। अपोलो हॉस्पिटल के शेयर में आज 3.13 प्रतिशत की तेजी रही।

इससे पहले कल यानी 8 अप्रैल को भी शेयर बाजार ने ऑल टाइम हाई बनाया था। सेंसेक्स ने 74,869 का और निफ्टी ने 22,697 का लेवल छुआ था। हालांकि, बाद में ये थोड़ा नीचे आया और सेंसेक्स 494 अंक की तेजी के साथ 74,742 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 152 पॉइंट की तेजी रही, ये 22,666 के स्तर पर बंद हुआ।



बाजार में तेजी की 3 वजहें

- चुनाव से मार्केट को उम्मीद है कि एक बार फिर से BJP की सरकार आएगी, जिसकी वजह से तेजी देखने को मिल रही है।
- शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों ने पिछले सेशन में 1,659.27 करोड़ रुपए निवेश किए हैं, जिससे मार्केट सेंटीमेंट पर पॉजिटिव असर पड़ा है।
- मार्केट को जून में अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है।

मारुति सुजुकी ने मानेसर संयंत्र की क्षमता एक लाख इकाई बढ़ाई

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया ने अपने मानेसर संयंत्र की उत्पादन क्षमता में प्रतिवर्ष एक लाख इकाई विस्तार किया है। कंपनी ने हरियाणा के मानेसर में कार्यरत तीन विनिर्माण संयंत्रों में से मौजूदा प्लांट-ए में एक वाहन असेंबली लाइन जोड़ी है। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने एक बयान में कहा कि नई वाहन असेंबली लाइन में प्रति वर्ष एक लाख इकाई बनाने की क्षमता है। बयान के अनुसार अतिरिक्त असेंबली लाइन के साथ मानेसर की कुल विनिर्माण क्षमता नौ लाख वाहन प्रति वर्ष हो गई है। एमएसआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य अगले सात-आठ वर्षों में अपनी क्षमता को करीब दोगुना करके 40 लाख वाहन प्रति वर्ष करना है।

क्रिएटिव ग्राफिक्स सॉल्यूशंस का शेयर 175 पर लिस्ट हुआ

नई दिल्ली। क्रिएटिव ग्राफिक्स सॉल्यूशंस इंडिया के आईपीओ ने बाजार में प्रवेश कर लिया है। एनएसई एसएमई पर क्रिएटिव ग्राफिक्स सॉल्यूशंस का शेयर प्राइस 175 रुपये पर लिस्ट हुआ, जो 85 रुपये के इश्यू प्राइस से 105.88 फीसदी ज्यादा है। क्रिएटिव ग्राफिक्स सॉल्यूशंस इंडिया लिमिटेड का आईपीओ गुरुवार 8 मार्च को सब्सक्राइब करने के लिए खुलने के बाद गुरुवार अप्रैल को बंद हो गया। इश्यू के लिए प्राइस बैंड 80 रुपये से 85 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। क्रिएटिव ग्राफिक्स सॉल्यूशंस आईपीओ लॉट साइज में 1,600 शेयर शामिल थे। आखिरी दिन इसके आईपीओ को 201.86 गुना सब्सक्राइब किया गया था। इससे पहले बुधवार 27 मार्च को कंपनी ने 85 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 18.24 लाख इक्विटी शेयर बेचे थे। इससे एंकर निवेशकों से 15.5 करोड़ रुपये जुटाए गए।

इस हफ्ते खुदरा महंगाई को लेकर मिल सकती है राहत

नई दिल्ली। इस हफ्ते खुदरा महंगाई को लेकर राहत की खबर भी मिल सकती है। इसी हफ्ते के 12 अप्रैल को सरकार मार्च महीने के कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के आंकड़े जारी करेगी। रिपोर्ट के एक अनुमान के मुताबिर मार्च के महीने में महंगाई दर में गिरावट देखने को मिल सकती है। हालांकि रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि इस गिरावट के बाद भी महंगाई दर का आंकड़ा रिजर्व बैंक के 4 फीसदी के लक्ष्य से काफी ऊपर रहेगा। रिपोर्ट के अनुसार मार्च के महीने में खुदरा महंगाई दर गिरावट के साथ 5 फीसदी के नीचे गिरकर 4.91 फीसदी पर आ सकती है। वहीं फरवरी महीने के आंकड़ों पर नजर डालें तो महंगाई दर 5.09 फीसदी के स्तर पर थी। अगर 12 अप्रैल को आने वाले नतीजे अनुमान के हिसाब से आते हैं तो इस हिसाब से महंगाई 5 महीने के निचले स्तर पर आ जाएगी।

गोदरेज प्रॉपर्टीज की पिछले वित्त वर्ष रिकॉर्ड 22,500 करोड़ की बुकिंग

गोदरेज प्रॉपर्टीज ने प्रेस्टीज समूह की बिक्री बुकिंग के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज की बिक्री बुकिंग पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 84 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 22,500 करोड़ रुपये रही। आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग बिक्री वृद्धि की प्रमुख वजह रही। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने बेंगलुरु स्थित प्रेस्टीज समूह की बिक्री बुकिंग के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। प्रेस्टीज समूह ने पिछले वित्त वर्ष में 21,040 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग होने की सोमवार को जानकारी दी थी। मैक्रोटेक डेवलपर्स ने वित्त वर्ष 2023-24 में 14,520 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की है। डीएलएफ ने अभी तक अपने आंकड़ों की घोषणा नहीं की है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने शेयर बाजार को दी

जानकारी में बताया कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही और पूरे 2023-24 में क्रमशः अपनी अब तक की सबसे अच्छी तिमाही और वार्षिक बिक्री दर्ज की है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में गोदरेज प्रॉपर्टीज की बिक्री बुकिंग सालाना आधार पर दोगुनी होकर 9,500 करोड़ रुपये से अधिक रही। पिछले वित्त वर्ष में इसकी बिक्री बुकिंग सालाना आधार पर 84 प्रतिशत बढ़कर 22,500 करोड़ रुपये से अधिक हो गई। कंपनी के अनुसार यह भारत में किसी भी सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध रियल एस्टेट डेवलपर द्वारा घोषित अब तक की सबसे अधिक वार्षिक बिक्री है। यह दो करोड़ वर्ग फुट के क्षेत्रफल में फैले 14,310 मकानों की बिक्री के जरिए संभव हो पाया। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कहा कि कंपनी की बिक्री बुकिंग पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 56 प्रतिशत बढ़कर 81.7 लाख वर्ग फुट हो गई। गोदरेज प्रॉपर्टीज व्यवसाय समूह गोदरेज ग्रुप का हिस्सा है। यह देश के अग्रणी डेवलपर्स में से एक है।

जून से अगस्त के बीच लॉन्च गैलेक्सी एस24 एफई

नई दिल्ली, एजेंसी

सैमसंग गैलेक्सी एस24 एफई को इस साल जून से अगस्त के बीच लॉन्च कर दिया जा सकता है। ऐसा बताया जा रहा है कि गैलेक्सी एस24 एफई, वनीला गैलेक्सी एस24 का टोन डाउन वर्जन होगा। इसके अलावा ये भी कहा जा रहा है कि सैमसंग इस साल अपने इवेंट में गैलेक्सी रिंग, गैलेक्सी झेड फोल्ड 6, गैलेक्सी झेड फलीप 6, गैलेक्सी वाच 7 सीरीज़ को भी पेश कर सकता है। पिछली लीक हुई जानकारी के मुताबिक गैलेक्सी एस24 एफई में 6.1-इंच का अमोलेड डिस्प्ले मिलेगा और ये बाजार के आधार पर एक्सीनोस 2400 एसओसी या स्नैपड्रेगन 8 जेन 3 एसओसी पर चल सकता है। कहा जाता है कि इसमें 12जीबी एलपीडीडीआर5एक्स रैम है और इसे 128जीबी और 256जीबी यूएफएस 3.1 स्टोरेज ऑप्शन में पेश किया जा सकता है।

ऐसा कहा जा रहा है कि आने वाले इस फोन में 4,500 एमएएच की बैटरी मिल सकती है। कहा जाता है कि गैलेक्सी एस24 एफई में एक्सनोस 2400 या स्नैपड्रेगन 8जेन 3 चिपसेट की सुविधा दी जाती है। ये वही चिपसेट हैं जो वनीला गैलेक्सी एस24 और गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा में पाए जाते हैं। इसलिए, इस बार अब देखना ये है कि नया एफई इस बार अपने पिछले मॉडल के समान होगा या नहीं। आखिर में इस फोन के मेमोरी और स्टोरेज स्पेसिफिकेशंस का भी हिंट मिला है। एक विश्वसनीय पोस्ट के मुताबिक, सैमसंग गैलेक्सी एस24 एफई में 12जीबी एलपीडीडीआर 5एक्स रैम और 256 जीबी तक यूएफएस 4.0 स्टोरेज होगी। इसमें एलपीडीडीआर 5एक्स और यूएफएस 4.0 मौजूदा स्टैंडर्ड हैं, जो आने वाले फोन को दूसरों के मुकाबले मजबूत करते हैं। बता दें कि सैमसंग गैलेक्सी एस सीरीज़ के फोन को काफी पसंद किया जाता है। कंपनी ने पिछले साल अक्टूबर में गैलेक्सी एस23 एफई लॉन्च किया था, और अब जानकारी मिली है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com

राम विरोधियों को बुंदेलखंड की पावन धरती कभी स्वीकार नहीं करेगी

बहुजन समाजवादी पार्टी ने भी राम मंदिर का निमंत्रण ठुकराया है: विष्णुदत्त शर्मा

विजय मत, ब्यूरो, पन्ना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों के जीवन को बदलने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के आयोजन का निमंत्रण कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के साथ बहुजन समाजवादी पार्टी ने भी ठुकराया था। ऐसे राम विरोधियों को बुंदेलखंड की पावन धरती कभी स्वीकार नहीं करेगी। खजुराहो लोकसभा क्षेत्र की जनता ने पिछले लोकसभा चुनाव में ऐसा आशीर्वाद भाजपा को दिया कि इस बार कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने यहां मैदान ही छोड़ दिया है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को

पन्ना जिले के गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के दो दर्जन गांवों में संपर्क कर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा का जनसंपर्क के दौरान ककरहटी सहित विभिन्न स्थानों पर लोगों ने घरों की छतों और जेसीबी से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति मध्यप्रदेश और देश की जनता का ऐसा विश्वास और आशीर्वाद है कि विपराजनीतिक दल मैदान छोड़कर भाग रहे हैं।

प्राण-प्रतिष्ठा का बहिष्कार करने वालों को माफ नहीं किया जा सकता... *भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अयोध्या में 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा कर दुनियाभर में भारत का मान-सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निमाण हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि अयोध्या जाने वाले श्रीराम भक्तों पर गोलियां चलाने वालों और श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का बहिष्कार करने वालों को बुंदेलखंड की पावन धरती कभी माफ नहीं करेगी।*

राज परिवार की अजया सिंह ने भाजपा की ली सदस्यता

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष बहुजन समाज पार्टी के नेता राजकुमार कुशवाहा एवं राज परिवार की श्रीमती अजया सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान सैकड़ों मुस्लिम समाज के लोगों ने भी भाजपा की सदस्यता ली। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने सभी को भाजपा का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

जनता तय कर चुकी है मोदी को पीएम बनाना है

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीब कल्याण और जनहितैषी योजनाओं को लागू करके हर गरीब की जिंदगी बदलने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री जी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भाजपा भारत को वर्ष 2047 तक विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य कर रही है। देश के गरीबों का जीवन बदलने वाले नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन देश की जनता ने बना लिया है। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा की तरफ से आम जनता चुनाव लड़ रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने इन ग्रामों में जनसंपर्क कर किया जनता से संवाद

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के पन्ना जिले के गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के दो दर्जन गांवों में संपर्क कर आम जनता से संवाद किया। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने सकरिया में संवाद एवं संपर्क करने के बाद गढ़ी पडरिया, रानीपुरा, ककरहटी नगर बस स्टेण्ड, देवरीगढी, हिनौता, बिरवाही, देवेन्द्र नगर परिषद के सामने, बड़वारा, गोल्डी मोड, फुलवारी, भिलसांय सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामों का दौराकर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया।

हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्र पर मंत्री सारंग ने रहवासियों को तिलक लगाकर दी शुभकामनाएं

नरेला विधानसभा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल

विजय मत, भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को हिन्दू नववर्ष और चैत्र नवरात्र के अवसर पर रहवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। नरेला विधानसभा में विभिन्न स्थानों पर इस अवसर पर धार्मिक आयोजनों में वे शामिल भी हुए। यहां उन्होंने हज़ारों की संख्या में नागरिकों को तिलक लगाकर नववर्ष व चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं दी।

श्रद्धालुओं व स्थानीय रहवासियों को लगाया तिलक

मंत्री सारंग ने नरेला विधानसभा अंतर्गत नर्मदा परिक्रमा पार्क समेत प्रमुख स्थानों व मंदिरों में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को तिलक लगाकर नववर्ष और चैत्र नवरात्र के पर्व की शुभकामनाएं दी। मंत्री सारंग कहा कि यह पर्व हमें नारीशक्ति के प्रति आदर और सम्मान प्रकट करने एवं सकारात्मक ऊर्जा के साथ सेवा करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर उन्होंने देवी माँ से सभी के सुख-समृद्धि की भी कामना की।

चैत्र नवरात्र व हिन्दू नववर्ष के अवसर पर नरेला विधानसभा में विभिन्न मंदिरों में हवन, भंडारा प्रसादी वितरण समेत अनेक धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये गये। मंत्री सारंग ने यहां दर्शन-पूजन कर सर्व मंगल की कामना की।

न्यूज इन शॉर्ट

जिले में मतदाता जागरूकता के लिए राइड फोर वोट का आयोजन आज

विजय मत, भोपाल। लोकसभा निर्वाचन-2024 में जिले में मतदाताओं अपने मताधिकार का उपयोग शत प्रतिशत करने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार भोपाल जिले में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत राइड फोर वोट का आयोजन बुधवार, 10 अप्रैल को प्रातः 7:00 बजे बिट्टन दशहरा मैदान में साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन निःशुल्क रहेगा। आयोजन में प्रथम 200 पंजीयन को टी-शर्ट और प्रत्येक को केप दिया जाएगा। साथ ही अन्य सरप्राइज गिफ्ट 50 लकी ड्रॉ मूवी टिकट, बेस्ट फैंसी ट्रेडिशनल ड्रेस, बेस्ट साइकिल कपल्स, बेस्ट साइकिल डेकोरेशन और बेस्ट स्लोगन होगा।

बाबा महाकाल की भस्म आरती देखने पहुंचे प्रसिद्ध पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल, भगवान की भक्ति में दिखे लीन

विजय मत, उज्जैन। प्रसिद्ध पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल आज बाबा महाकाल की भस्म आरती देखने विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने नंदी हॉल से बाबा महाकाल के निराकार से साकार स्वरूप के दर्शन किए। बाबा महाकाल के दर्शन के दौरान जुबिन नौटियाल शिव भक्ति में लीन नजर आए। महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित आशीष गुरु ने बताया कि बॉलीवुड के प्रसिद्ध पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल अलसुबह महाकाल मंदिर में होने वाले भस्म आरती में शामिल होने के लिए पहुंचे। जुबिन ने नंदी हाल से भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया और भगवान शिव के मंत्र भोले बाबा तव शरणम का जाप भी किया। बाबा महाकाल की भस्म आरती देखने और बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने के बाद प्रसिद्ध गायक जुबिन ने मीडिया से भी चर्चा की उन्होंने कहा कि बाबा महाकाल पर नजर पढ़ते ही सब कुछ भूल जाता हूं। बाबा महाकाल का प्यार और स्नेह सभी पर है आज मुझे भी बाबा महाकाल की भस्म आरती करने का मौका मिला। मेरे पास शब्द कम है और भावनाएं ज्यादा है। बाबा महाकाल से मांगे गए आशीर्वाद पर आपने कहा कि आज बाबा महाकाल से अपने परिवार उत्तराखंड और देश के लिए प्रार्थना की। इस दौरान आपने तेरे बल से मैं बलवान बाबा तू मेरा भगवान भजन भी गाया।

मध्य प्रदेश में भाजपा पीले चावल के साथ मतदाताओं को बांटेगी मतदाता पर्ची, मतदान का करेगी आग्रह

विजय मत, भोपाल। लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदाता पर्ची के साथ भाजपा पीले चावल देकर मतदान करने का आग्रह करेगी। मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क किया जाएगा। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भाजपा इस बार डिजिटल तकनीक का सहारा लेगी। इसके लिए मोबाइल पर भी मतदान के लिए संदेश प्रसारित किए जाएंगे। इसमें पार्टी का प्रचार नहीं, बल्कि मतदान करने का आग्रह होगा। मध्य प्रदेश भाजपा ने इसकी तैयारी कर ली है। प्रदेश के 64,523 बूथों पर बूथ प्रभारी और पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी तय की गई है। इतना ही नहीं वोटरों की सुविधा के लिए भाजपा बूथ (मतदान केंद्र) पर ठंडे पानी की व्यवस्था, टेंट लगाकर कर छाया की व्यवस्था करेगी। मध्य प्रदेश में लोकसभा के चुनाव अप्रैल-मई में चार चरणों में संपन्न होंगे, मतदान के दौरान भीषण गर्मी और लू-लपट संबंधी मौसम विभाग के अलर्ट को लेकर 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान की तैयारी में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां तैयारी में जुट गई है। वहीं निर्वाचन आयोग मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक कर रहा है। मतदान के पांच दिन पहले निर्वाचन आयोग घर-घर मतदाता पर्ची बाटेगा। कांग्रेस की सलाह, मतदाताओं से संपर्क करने के दौरान गर्मी से बचने गमझे का करें उपयोग चुनाव प्रचार व मतदाताओं से संपर्क के दौरान गर्मी से बचने कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं को टोपी और गमझें का उपयोग करने की सलाह दी है। मंडल, सेक्टर बूथ के कार्यकर्ताओं के लिए गर्मी से बचने के उपाय बताए जाएंगे। प्रत्याशियों और संगठन के पदाधिकारियों से कहा गया है कि बूथ पर ठंडे पानी की व्यवस्था की जाएं। कांग्रेस ने सभी क्षेत्रों से जानकारी ली है कि विधानसभा क्षेत्र, सेक्टर और मंडल स्तर पर क्या सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।

लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने गोविंदपुरा में कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित

हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने की लहर दिलाएगी लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत: डॉ. महेंद्र सिंह

विजय मत, भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का आह्वान किया है। यहां गोविंदपुरा विधानसभा के हर बूथ पर मुझे 370 वोट बढ़ाने की लहर दिखाई दे रही है। भोपाल लोकसभा के चुनाव में यही लहर भाजपा को गोविंदपुरा विधानसभा से बड़ी जीत दिलाएगी। यह बात प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने मंगलवार को अवधपुरी में आयोजित गोविंदपुरा विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि देश में जितने भी दल राजनीति में सक्रिय हैं, उनमें से भारतीय जनता पार्टी सबसे अलग है। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं पर आधारित दल है और कार्यकर्ता ही उसे चलाते हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत ही भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन सका है। उन्होंने कहा कि गोविंदपुरा विधानसभा का हर कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी का निष्ठावान सिपाही है। पार्टी और उसकी विचारधारा के लिए हर कार्यकर्ता दिन-रात सक्रिय रहता है। डॉ. सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा की डबल इंजन सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया है और हर पात्र व्यक्ति को इन योजनाओं का लाभ मिल सके, यह सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि यह इन्हीं परिश्रमी और लगनशील कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है कि आज गोविंदपुरा विधानसभा में हर मतदाता का मन कमलमय दिखाई दे रहा है। कार्यकर्ताओं के परिश्रम के बल पर भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करेगी और पार्टी की इस जीत में गोविंदपुरा विधानसभा के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है।

विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भोपाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा, लोकसभा संयोजक एवं पूर्व सांसद आलोक संजर, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी एवं बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शिवपुरी में महाआर्यमन सिंधिया बोले- हमारे संबंध राजनीतिक नहीं, पारिवारिक संबंध

विजय मत, शिवपुरी

हमारे संबंध राजनीतिक नहीं, पारिवारिक संबंध हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा, उनके नेतृत्व में देश विकसित और आत्मनिर्भर भारत बन रहा है। शिवपुरी में नक्षत्र गार्डन में युवा संवाद के दौरान विकास और प्रगति पर महाआर्यमन सिंधिया ने जोर दिया। केंद्रीय मंत्री और गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के पुत्र महाआर्यमन सिंधिया भी इस समय संसदीय क्षेत्र में जमकर प्रचार कर रहे हैं और युवाओं से संवाद स्थापित कर रहे हैं। इसी बीच शिवपुरी में नक्षत्र गार्डन में युवा संवाद कार्यक्रम के दौरान महाआर्यमन सिंधिया ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता से हमारे राजनीतिक नहीं बल्कि पारिवारिक संबंध हैं। तीन पीढ़ियां से इस क्षेत्र की जनता के साथ हमारा सीधा जुड़ाव है और हमारे परिवार की मंशा है कि विकास और प्रगति के पद पर यह क्षेत्र हमेशा आगे रहे।

महाआर्यमन सिंधिया ने प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारा देश विकसित और आत्मनिर्भर भारत बन रहा है। आज कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में आ रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत के विकास को देखते हुए टेस्ला जैसी कंपनी भारत में अपनी निर्माण इकाई शुरू कर रही है। जबकि एप्पल जैसी कंपनियां यहां मोबाइल बना रही हैं। यह हमारे प्रधानमंत्री के विकसित और आत्मनिर्भर भारत की सोच है, जिससे पूरे विश्व पटेल पर आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगति के पद पर आगे बढ़ता जा रहा है।

दादा जी को याद करते हुए विकास कार्य पर दिया जोर

महाआर्यमन सिंधिया ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि आज वह इस क्षेत्र में कहीं भी जाते हैं तो उनके दादा स्वर्गीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया को याद करते हुए कई लोग उनका जिक्र करते हैं। महाआर्यमन सिंधिया ने कहा कि यह बात बताती है कि हमारे परिवार के संबंध इस क्षेत्र की जनता से किस प्रकार के रहे हैं। हमारे पारिवारिक संबंधों के कारण हमने और हमारे परिवार ने इस क्षेत्र में लगातार विकास और प्रगति की बात कही है। इसी सोच के साथ वह भी आगे बढ़ रहे हैं।

बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की

युवा संवाद कार्यक्रम के दौरान महाआर्यमन सिंधिया ने आगामी सात मई को इस क्षेत्र में होने वाले मतदान को लेकर अपील करते हुए कहा कि सभी युवा लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाएं और मतदान के लिए आगे हैं। पांच साल में हमें यह मौका मिलता है, इसलिए युवा वर्ग पर यह जिम्मेदारी है कि वह विकास और प्रगति की सोच के साथ हमारा और बीजेपी का साथ दें।

एम्स भोपाल और बीएमसी स्वच्छता और स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा के लिए मिल कर काम करेंगे

विजय मत, भोपाल

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत, आज सुबह 11:00 बजे एम्स भोपाल की गांधी गैलरी में स्वच्छता को बढ़ावा देने और स्वच्छता कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया । एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक और सीईओ प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया, जो अपनी ड्यूटी के दौरान सबसे ज्यादा असुरक्षित रहते हैं। उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह ईश्वरीय भक्ति के समान है, और उन लोगों के स्वास्थ्य और सम्मान की रक्षा करने की सामूहिक जिम्मेदारी को रेखांकित किया जो हमारे परिवेश को साफ रखते हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए हरेंद्र नारायण, आईएएस, आयुक्त बीएमसी, ने स्वच्छता बनाए रखने और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के प्रयासों में एम्स भोपाल को पूर्ण सहयोग देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने स्वच्छता कर्मचारियों के लिए काम करने की स्थिति और सुरक्षा उपायों में सुधार लाने के उद्देश्य से की गई पहल के लिए समर्थन का वादा किया।

मपी बोर्ड 10वीं12वीं के रिजल्ट 15 अप्रैल के बाद Mpbse.Nic.In पर हो सकते हैं जारी

भोपाल। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं परीक्षा होने के बाद से विद्यार्थियों को अब रिजल्ट का इंतजार है। दोनों ही परीक्षाओं में उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य जारी है और यह जल्द ही पूरा हो जाएगा। एमपी बोर्ड ने 5 अप्रैल तक इसे पूरा करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे मूल्यांकन पूरा होने के बाद 15 से 20 अप्रैल के बीच 10वीं और 12वीं परीक्षाओं के रिजल्ट घोषित किए जा सकते हैं। एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य की गति काफी धीमी रही। बोर्ड के अधिकारियों की माने तो 5वीं, 8वीं और 11वीं की परीक्षाओं का असर मूल्यांकन पर पड़ा है।

खंडवा पहुंचे डिप्टी सीएम देवड़ा बोले-

कांग्रेस में अब सब खत्म हो गया, जनता फैसला करेगी और चमत्कार होगा

विजय मत, ब्यूरो, खंडवा

खंडवा पहुंचे डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा बोले, कांग्रेस में अब सब खत्म हो गया है। यहां जनता फैसला करेगी और अब चमत्कार होगा। मध्यप्रदेश के खंडवा संसदीय क्षेत्र में मंगलवार को उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा आगामी लोकसभा चुनाव के चलते भाजपा के प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल के पक्ष में जनसंपर्क करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं से भी भेंट की, तो वहीं उन्होंने नव वर्ष पर खंडवा के अवधूत संत दादाजी धूनी वाले के मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना भी की। उसके बाद उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देने के साथ ही कांग्रेस नेताओं को भी जमकर आड़े हाथों लिया। यही नहीं, डिप्टी सीएम देवड़ा ने राहुल गांधी और कमलनाथ पर भी निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी या कांग्रेस की बात पर अब कोई भरोसा नहीं करता। तो वहीं दिग्विजय सिंह पर भी वे जमकर बरसे।

साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2047 में भारत विकसित राष्ट्र की श्रेणी में पहले नंबर पर होगा। लोकसभा चुनाव के प्रचार के चलते खंडवा पहुंचे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा खंडवा में संत दादाजी मंदिर में दर्शन पूजन करने पहुंचे, जिसके बाद प्रदेशवासियों को उन्होंने नए वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि आप सबको बधाई और बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते हुए कामना किया कि नव वर्ष हम सबके लिए मंगल हो, शुभ हो और हमारा प्रदेश निरंतर प्रगति करे।

खास-खबर | पूर्व विधायक लाखन सिंह बघेल ने भी कांग्रेस को छोड़ बीजेपी ज्वॉइन कर दी

ग्वालियर चंबल अंचल में लड़खड़ाती कांग्रेस, तू चल बीजेपी में, मैं आता हूं जैसी स्थिति

विजय मत, ब्यूरो, ग्वालियर

ग्वालियर चंबल अंचल में कांग्रेस पर बीजेपी भारी पड़ती नजर आ रही है। बीते दिन सोमवार को कांग्रेस से पूर्व विधायक अजब सिंह ने पार्टी छोड़ी थी। वहीं, मंगलवार को पूर्व विधायक लाखन सिंह बघेल ने भी कांग्रेस को छोड़ बीजेपी ज्वॉइन कर दी। ग्वालियर चंबल अंचल में कांग्रेस पार्टी लगातार टूटती नजर आ रही है। सोमवार को मुरैना की सुमावली विधानसभा से कांग्रेस पूर्व विधायक अजब सिंह कुशवाह ने पार्टी छोड़ दी तो मंगलवार को शिवपुरी के करैरा विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व विधायक लाखन सिंह बघेल ने कांग्रेस पार्टी को छोड़ बीजेपी की सदस्यता ली है।

बता दें कि लोकसभा चुनाव के चलते कांग्रेस को कांग्रेसी लगातार चंबल अंचल में छोड़ रहे हैं, जिसके कारण कांग्रेस ग्वालियर चंबल अंचल में कमजोर दिखाई दे रही है। लाखन सिंह बघेल समाज का एक बड़ा चेहरा माने जाते हैं, जिनको सोमवार देर रात बीजेपी लोकसभा ग्वालियर प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह और मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बीजेपी की सदस्यता दिलाई है।

वहीं, कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए लाखन सिंह ने बताया कि जब से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी बने हैं, लगातार कार्यकर्ता अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। अब कांग्रेस पार्टी में कार्यकताओं को सम्मान नहीं मिल पा रहा है और मैं भारतीय जनता पार्टी के कार्य से प्रभावित और बीजेपी की निष्ठा, नीतियों और जो वर्तमान में प्रधानमंत्री योजनाएं लेकर आ रहे हैं और मैं उनके कार्यों से प्रेरित होकर बीजेपी ज्वॉइन कर रहा हूं।

वहीं, ग्वालियर से लोकसभा बीजेपी प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह और ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने लाखन सिंह बघेल को सदस्यता दिलाई और लाखन सिंह का भारतीय जनता पार्टी में स्वागत किया, जिसके बाद भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि लाखन सिंह के बीजेपी में ज्वॉइन होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

एनएसयूआई का 54 वॉ स्थापना दिवस आज पूरे प्रदेश में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया

विजय मत, भोपाल

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का आज 54 वॉ स्थापना दिवस प्रदेश की सभी जिला इकाईयों द्वारा हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। देश के सबसे बड़े छात्र संगठन, एन.एस.यू.आई के स्थापना दिवस पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय शिवानगर में झण्डावंदन के साथ प्रारंभ हुआ,छात्र छात्राओं ने खुशी का इजहार करते हुए मिस्ठान वितरण किया गया। एन.एस.यू.आई के प्रदेशाध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर एन.एस.यू.आई.के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाऐं दी और आज का दिन बड़े धूम धाम से मनाने के साथ ही लोकसभा चूनाव हो रहे है और हम युवाओ एवं नये मतदाताओं के बीच जाकर समझाने वाले कि जो आज देश में जो हालात है तमाम युवाओं को किस प्रकार से देश बचाने,लोकतंत्र को जिन्दा रखने के लिए नये मतदाताओं से अपील करेंगे कि चुनाव में वो वोट जरूर करें। चौकसे ने संगठन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि छात्रों की सशक्त पैरवी करने की दृष्टि से देश की पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनेत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी ने आज ही के दिन 9 अप्रैल 1970 को छात्रों को लोंकतांत्रिक अधिकार दिये जाने हेतु छात्रों का पूर्ण और राजनैतिक संगठन ''एन.एस.यू.आई.'' का गठन किया गया था। चौकसे ने आज प्रदेश कार्यालय में छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई एवं संगठन के पदाधिकारियों से समर्पण भाव से कार्य कर कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए बेहतर कार्य करने की अपील की। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने स्थापना दिवस के अवसर पर छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि हमारे जीवन में बेरोजगारी एक बहुत बड़ा दंश है और हम सभी को इसके खिलाफ लड़ाई लड़ना है।